卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 209 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦6 मई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## दून पहुंचा शहीद लांस नायक का पार्थिव शरीर,सीएम ने दी श्रद्धांजलि

देहरादून(उद संवाददाता)। ऑपरेशन त्रिनेत्र में शुक्रवार पांच मई को बलिदान हुए लांस नायक रुचिन रावत का पार्थिव शरीर शनिवार को देहरादून पहुंचा। हवाई मार्ग से बलिदानी का पार्थिव शरारी जौलीग्रांट एयरपोर्ट लाया गया। मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यहां उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सड़क मार्ग से बलिदान का पार्थिव शरीर उनके मूल गांव रवाना कर दिया गया। बलिदानी लांस नायक रुचिन सिंह रावत के साथ ही हिमाचल प्रदेश के बलिदानी पैराट्रूपर प्रमोद नेगी का पार्थिव शरीर भी जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर लाया गया। यहां से बलिदानी प्रमोद नेगी का पार्थिव शरीर हिमाचल भेजा गया। चमोली जिले के गैरसैंण ब्लॉक में कुनिगाड गांव के रहने वाले लांस नायक रुचिन सिंह रावत राजौरी सेक्टर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए बलिदान हुए। वह जम्मू-कश्मीर की ऊधमपुर यूनिट (शेष पृष्ठ सात पर)





## गार्ड ने बैंक मैनेजर पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। धारचूला में एसबीआई मैनेजर और गार्ड के बीच विवाद हो गया। गार्ड ने तैश में आकर मैनेजर के ऊपर पेट्रोल डाल कर आग लगा दी। घटना से बैंक में अफरा तफरी मच गई। आनन फानन में मैनेजर को अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी हालत गंभीर बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक धारचूला स्थित एसबीआई शाखा में शनिवार को सामान्य रूप से काम काज चल रहा था। इसी बीच बैंक मैनेजर 55 वर्षीय मोहम्मद ओवेस की बैंक के गार्ड देहरादून निवासी दीपक क्षेत्री से कहासुनी हो गयी। दोनों आपस में बहस करने लगे। बताया जाता है कि विवाद के दौरान ही तैश में आकर गार्ड ने मैनेजर के उपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जिससे वहां पर अफरा तफरी मच गयी। अन्य बैंक कर्मियों न बमुश्किल आग बुझाई तब तक बैंक मैनेजर ओवेस बुरी तरह झुलस चुके थे। आनन फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। (शेष पृष्ठ सात पर)



## संदिग्ध हालातों में छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा क्षेत्र के दरऊ निवासी एक 12वीं की छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दरऊ किच्छा निवासी 17 वर्षीय आरती पुत्री राम स्वरूप घर पर अकेली थी। इसी दौरान उसने पंखे में फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। घटना की जानकारी सबसे पहले पड़ोसियों को मिली। पड़ोसियों ने युवती को फंदे से उतारा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बाद में जंगल गयी मां (शेष पृष्ठ सात पर)

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

किच्छा(उद संवाददाता)। हल्द्वानी से घर जा रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गयी। सूचना मिलने पर स्वजन भी बदहवास हालत में किच्छा पहुंच गए। पुलिस ने शव को रुद्रपुर स्थित मोर्चरी भेज दिया था। आंवला बरेली उत्तर प्रदेश निवासी 26 वर्षीय धर्मवीर पुत्र रमेश हल्द्वानी में सरिया सीमेंट की दुकान में काम करता था। शनिवार को हल्द्वानी में साप्ताहिक बंदी होने के कारण वह शनिवार तड़के आंवला अपने घर जाने के लिए निकला था। हल्द्वानी मार्ग पर उसकी बाइक अज्ञात वाहन से टकराने से धर्मवीर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लगभग साढ़े तीन बजे सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। उसके पास से मिले कार्ड के आधार पर उसकी पुलिस ने शिनाख्त के बाद स्वजनों को सूचना दे दी। पुलिस ने रात ही शव को मोर्चरी भिजवा दिया था। सूचना पर सुबह 7 बजे के करीब स्वजन भी कोतवाली किच्छा पहुंच गए। इस दौरान कोतवाली में किसी दरोगा के न होने के कारण वह दो घंटे तक शव की जानकारी न मिलने पर भटकते रहे। उसके बाद जानकारी मिलने पर रुद्रपुर स्थित वह मोर्चरी चले गए।

### बाइक की टक्कर से महिला की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सड़क पार कर रही महिला को बाईक ने जोरदार टक्कर मार दी। घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बाइक चालक बाइक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।जानकारी के अनुसार गदरपुर के ग्राम मकरंदपुर निवासी 36 वर्षीय जशोदा पत्नी सुचंद शुक्रवार शाम महतोष के पास सड़क पार कर ही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे महिला लहुलूहान होकर सड़क पर गिर पड़ी। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहां (शेष पृष्ठ सात पर)

## दुकान की आड़ में चरस का धंधा,महिला गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। चौकी आम्रपाली थाना मुखानी ने पुलिस टीम ने दुकान की आड़ में नशे का कारोबार करने वाली महिला को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। महिला नशा तस्कर पूर्व में भी दो बार जेल जा चुकी है। जानकारी के अनुसार रमेश बोरा थानाध्यक्ष मुखानी के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित एएनटीएफ की पुलिस टीम द्वारा चौकिंग के दौरान लामाचौड चौराहे से कालाढूंगी रोड पर ग्राम नाथूपुर पाडली में सड़क के किनारे स्थित छोटी सी दुकान चलाने वाली महिला को मुखबिर की सूचना पर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सुनीता देवी पत्नी चन्द्र प्रकाश निवासी ग्राम नाथूपुर पाडली पोस्ट लामाचौड़ थाना मुखानी बताया। (शेष पृष्ठ सात पर)



## सामिया बिल्डर्स के खिलाफ धोखाधड़ी का एक और केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सामिया बिल्डर्स पर धोखाधडी के मुकदमों का सिलसिला थमनें का नाम नहीं ले रहा है। अब उत्तर प्रदेश निवासी व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। दर्ज रपट में घनश्याम दत्त चतुर्वेदी पुत्र केशव दत्त चतुर्वेदी निवासी वैशाली गाजियाबाद ने सामिया बिल्डर्स नोएडा जिसके मालिक जमील अहमद खान व डायरेक्टर सगीर खान व कम्पनी में काम करने वाले अन्य लोगों द्वारा फ्लैट देने के नाम पर 26.89 लाख रूपये का धोखाधड़ी करने के साथ ही धमकाने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि लगभग 13 साल पहले सामिया लेक सिटी से 2 फ्लैट, एक 60 गज का प्लाट खरीदे थे जिसमें से फ्लैट तो कंपनी उसे अधूरा हैंडओवर कर दिए कहा बाकी काम जल्द कर देंगे। हैंड ओवर के बाद फ्लैटों की रजिस्ट्री भी नहीं की गई क्योकि फ्लैट पर काफी काम बाकी था। लगभग 10 साल पहले सामिया इंटरनेशनल बिल्डर ने उसे वो प्लाट और शॉप बेच दिए जो सामिया के पास परिसर में थे ही नहीं। जब पैसे वापस मांगे तो सगीर खान बोले कुछ भी कर लो तुम्हारे पैसे (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्रधानमंत्री आवास योजना का मकान दिलाने के नाम पर 17 लाख हड़पे

रूद्रपुर (उद संवादददाता)। प्रधानमंत्री आवास योजना का मकान दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति ने बुजुर्ग से न सिर्फ करीब 17 लाख रूपये ठग लिये बल्कि उसका मकान भी बहला फुसला कर अपने नाम करवा लिया। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में मो. आजम अल्ताफ हुसैन निवासी खेड़ा वार्ड 17 ने कहा है कि अपने छः भाईयों एवं 72 वर्षीय पिता अल्ताफ हुसैन के साथ रहता है। पिता का दिमाग सम्पूर्ण रूप से कार्य नहीं करता। जुलाई आखिरी सप्ताह में सलमान अहमद पुत्र जुबैर अहमद हमारी गैर मौजूदगी में जो कि शार्गिद है ने पिता को प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत लालच दिया और कहा कि तुम्हारे सभी बेटो को प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत मकान दिलवाउगा सभी के फार्म भरे और फाइल चार्ज बताकर 10 से 15 हजार रुपये ले गया। आजम का कहना है सलमान पिता से लगभग 17 लाख रूपये ले चुका है। जिसके लिए पिता लाखो रूपये बतौर कर्जा ले चुके है। 2 जनवरी 2023 को विद्युत कर्मी उसके निवास स्थान पर आये और सलमान अहमद पुत्र जबर अहमद के नाम से नया मीटर लगाने लगे। उन्हें बताया गया यहां पुराना मीटर मौजूद है। तो उन्होंने कहा कि मकान सलमान अहमद के नाम पर है। तब पिता ने उसी समय एक प्रार्थना पत्र विद्युत विभाग को दिया। उन्हें जानकारी हुई कि सलमान अहमद ने उसके पिता से मकान का इकरानामा 7 लाख रुपये में करवा लिया है। जबकि मकान के असली स्टाम्प भाईयों के पास हैं। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार में अश्लील हरकतें करता प्रेमी युगल पकड़ा

काशीपुर(उद संवाददाता)। कार के अंदर अश्लील हरकत करते हुए एक प्रेमी युगल को पुलिस ने रंगे हाथ दबोच कर जरूरी पूछताछ के बाद आवश्यक धाराओं में उनका चालान कर दिया। जानकारी के मुताबिक कटोराताल चौकी प्रभारी नवीन बुधानी शुक्रवार देर शाम हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे इसी दौरान मानपुर रोड पर झाड़ियों में होंडा की अमेज कार के अंदर एक प्रेमी युगल को अश्लील हरकत करते हुए पुलिस ने रंगे हाथ दबोच लिया। दरोगा ने दोनों (शेष पृष्ठ सात पर)

## रुद्रपुर के गांधी पार्क में आज शाम मचेगी धूम

### भजन गायक कन्हैया मित्तल करेंगे श्याम बाबा का गुणगान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर का गांधी पार्क आज रात भक्ति के रंग में सराबोर होगा। विशाल संकीर्तन में मशहूर भजन गायक कन्हैया मित्तल अपने भजनों से धूम मचायेंगे। आयोजन के लिए तैयारियां लगभग पूरी हो गयी हैं। बता दें पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। अखिल भारतीय श्री श्याम परिवार, श्री श्याम मित्र मण्डल परिवार श्री सालासर सेवा समिति एवं अग्रवाल युवा संगठन के संयुक्त प्रयासों से आयोजित किये जा रहे विशाल श्री श्याम संकीर्तन की तैयारियां पिछले करीब एक माह से चल रही है।इस आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यवस्थापक व संचालक की कमान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने अपने हाथ में ले रखी है। कार्यक्रम संयोजक के रूप में संजय ठुकराल (शेष पृष्ठ सात पर)







## बैंक में बंधक जमीन का कर दिया सौदा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपनी जमीन बैंक में बंधक कर लोन लेने वाले व्यक्ति ने बंधक बनाई जमीन किसी और को बेच दी। भूमि के नीलामी नोटिस से मामला उजागर हुआ। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में राजकुमार फुटेला पुत्र स्व. बालमुकुन्द फुटेला निवासी कल्याणी व्यू रुद्रपुर ने कहा है कि उसने रणवीर कुमार पुत्र दामोदर दास जो मेसर्स नागपाल ट्रेडर्स का पार्टनर है से 19 मार्च 2013 को जमीन ग्राम फुलसुंगा में क्रय की। सम्पत्ति जमीन बेचते समय रणवीर कुमार द्वारा आश्वस्त किया गया था कि उपरोक्त जमीन / सम्पत्ति पूरी तरह से पाक- साफ है तथा रणवीर कुमार के उस पर स्वामित्व है। रजिस्ट्री में उसके द्वारा लिखा गया कि उपरोक्त जमीन भार रहन से मुक्त है तथा किसी विवाद से ग्रस्त नहीं है। 19 सितम्बर 2022 को अल्मोडा अर्बन कोआपरेटिव बैंक शाखा मीरा मार्ग हल्द्वानी द्वारा एक नीलामी सूचना प्रकाशित कराई गई जिसमें उक्त जमीन का उल्लेख था। बैंक में जानकारी लेने से प्रकाश में आया कि रणवीर कुमार द्वारा उपरोक्त जमीन अल्मोडा अर्बन कोआपरेटिव बैंक शाखा मीरा मार्ग हल्द्वानी में (शेष पृष्ठ सात पर)

# भैरव गदेरा व कुबेर गदेरे से रस्सी के सहारे सफर कर केदारनाथ धाम पहुंच रहे श्रद्धालु

रूद्रप्रयाग। केदारनाथ में सुबह से मौसम साफ रहने और दिनभर धूप खिल रहने से यात्रा ने रफ्तार पकड़ी। वहीं सोनप्रयाग से सुबह छह से अपराह्न 3:30 बजे तक कुल साढ़े नौ हजार श्रद्धालु धाम भेजे गए। शुक्रवार को 18223 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए। इस दौरान गौरीकुंड- केदारनाथ पैदल मार्ग पर भैरव गदेरा व कुबेर गदेरा हिमखंड जोन में एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और पुलिस जवानों द्वारा यात्रियों को रस्सी के सहारे रास्ता पार कराया गया। कपाट खुलने के दस दिन बाद शुक्रवार को केदारनाथ में सुबह से मौसम सुहावना बना रहा। प्रशासन व पुलिस की ओर से सुबह 6 बजे से श्रद्धालुओं को सोनप्रयाग से केदारनाथ के लिए भेजना शुरू किया गया। पहले जत्थे में 2806 श्रद्धालुओं को भेजा गया। इसके बाद पूर्वाह्न 11 बजे तक पांच हजार श्रद्धालु रवाना किए गए। अपराह्न 3:30 बज तक साढ़े नौ हजार श्रद्धालुओं को धाम भेजा गया जबकि शाम पांच बजे तक 3200 यात्री दर्शन कर सोनप्रयाग लौट चुके थे। वहीं जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर भैरव गदेरा व कुबेर गदेरा हिमखंड जोन पर बर्फ को साफ कर सुरक्षित आवाजाही कराई जा रही है। साथ ही यात्री बर्फ में न फिसलें, इसके लिए यहां रस्सी भी लगाई गई। उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, यात्रा मैनेजमेंट फोर्स और पुलिस के जवान बच्चों, बुजुर्ग और महिलाओं को हाथ पकड़ कर रास्ता पार करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बारिश व बर्फबारी के कारण पैदल मार्ग पर हिमखंड जोन व रुद्रा प्वाइंट में कीचड़ भी हो रखा है, जहां पर सुरक्षा के उचित इंतजाम किए जा रहे हैं। सीएमओ डॉ. हरीश चंद्र सिंह मातोलिया ने बताया कि शुक्रवार को कुल 997 श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। सोनप्रयाग, गौरीकुंड सहित पैदल पड़ावों व धाम में चिकित्सकीय दल द्वारा यात्रियों की मदद की गई। इस दौरान 33 यात्रियों को ऑक्सीजन मुहैया कराया गया। उन्होंने बताया कि कपाट खुलने के बाद से केदारनाथ यात्रा में कुल 11720 यात्रियों के स्वास्थ्य की जांच की जा चुकी है।

## 25 लाख पहुंचा पंजीकरण का आंकड़ा, चार लाख ने किये दर्शन

देहरादून। चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण का आंकड़ा 25 लाख पार पहुंचने वाला है। इसमें केदारनाथ धाम के लिए सबसे अधिक 8.65 लाख यात्रियों ने पंजीकरण कराया है। मौसम खराब होने से फिलहाल आठ मई तक केदारनाथ के लिए पंजीकरण पर रोक लगाई गई है। पूर्व में जिन यात्रियों ने पंजीकरण किया है, उन्हें ही यात्रा की अनुमति होगी। सरकार ने चारधाम यात्रा के लिए यात्रियों का पंजीकरण अनिवार्य किया है। चारों धामों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कोई संख्या तय नहीं है। लेकिन लगातार मौसम खराब होने के कारण यात्रा प्रभावित हो रही है। पर्यटन विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार 22 फरवरी से अब तक चारधाम यात्रा के लिए 24.53 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें 22 अप्रैल से 5 मई तक चार लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। संयुक्त निदेशक पर्यटन योगेंद्र गंगवार ने बताया कि चारधाम यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में काफी उत्साह है। खराब मौसम को देखते हुए केदारनाथ धाम का पंजीकरण रोका गया है। बदरीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के लिए नियमित रूप से पंजीकरण हो रहे हैं।

# हेलंग में बीआरओ ने खोला बदरीनाथ हाईवे

चमोली। चमोली से लगे चीन सीमा क्षेत्र को जोड़ने वाला जोशीमठ-मलारी-नीती हाईवे नीती गांव के समीप अवरुद्ध हो गया है। यहां हाईवे चौड़ीकरण के दौरान शुक्रवार को कार्यदायी संस्था की ओर से चट्टान को विस्फोट से तोड़ा गया, जिससे भारी मात्रा में मलबा हाईवे पर आ गया है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों के साथ ही सेना के वाहनों की आवाजाही ठप पड़ गई है। बीआरओ की ओर से मलबा हटाने का काम शुरु कर दिया गया है। बीआरओ के अधिकारियों ने शीघ्र हाईवे को सुचारु करने की बात कही है। पिछले लंबे समय से चीन सीमा क्षेत्र को जोड़ने वाले नीती हाईवे पर चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। शुक्रवार को काली मंदिर के समीप कार्यदायी संस्था ओसिस कंपनी की ओर से चट्टान को विस्फोट से तोड़ा गया, जिससे मलबा हाईवे के साथ ही धौली गंगा तक भर गया। बीआरओ के कमांडर कर्नल अंकुर महाजन ने बताया कि मलबा निस्तारण का काम शुरु कर दिया गया है। जल्द ही हाईवे को सुचारु कर दिया जाएगा।हेलंग में बंद बदरीनाथ हाईवे पर 13 घंटे बाद यात्रा वाहनों की आवाजाही सुचारु हो पाई। हाईवे खुलने पर लगभग 6,455 तीर्थयात्रियों को बदरीनाथ धाम भेजा गया जबकि 4,300 तीर्थयात्री अपने-अपने गंतव्य को रवाना हुए। शुक्रवार को दिनभर हाईवे सुचारु रहा जिससे तीर्थयात्रियों को कोई परेशानी नहीं हुई।बृहस्पतिवार शाम को करीब छह बजे चट्टान से अचानक हाईवे पर मलबा और बोल्डर आने से वाहनों की आवाजाही थम गई। बदरीनाथ हाईवे बंद होने पर पुलिस की ओर से तीर्थयात्रियों को जोशीमठ, हेलंग, पाखी, पीपलकोटी और चमोली बाजार में रोक दिया गया। देर रात तक एनएचआईडीसीएल की जेसीबी मलबा हटाने में जुटी रहीं और शुक्रवार सुबह सात बजे हाईवे सुचारु हो पाया। इसके बाद पुलिस टीम की निगरानी में हाईवे के दोनों ओर जमा सैकड़ों वाहनों की आवाजाही सुचारु करवाई गई। पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि हेलंग में हाईवे को सुचारु कर दिया गया है। ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग सिरोहबगड़ और नौगांव में अब भी संवेदनशील बना है। सिरोहबगड़-पपडासू बाईपास के तहत निर्माणाधीन



पुलों के चलते हाईवे बदहाल बना है। ग्राम पंचायत खांकरा के पूर्व ग्राम प्रधान नरेंद्र ममगाई, उक्रांद के जिलाध्यक्ष बीबी ममगाई, पूर्व ग्राम प्रधान प्रदीप मलासी सहित अन्य लोगों का कहना है कि बाईपास निर्माण का कार्य धीमी गति से हो रहा है जिसका खामियाजा यात्री और स्थानीय लोग भुगत रहे हैं। इधर, एनएच के अधिशासी अभियंता राजबीर सिंह चौहान ने बताया कि सिरोहबगड़ से नौगांव तक छह किमी हिस्से को गड्ढा मुक्त करने के लिए काम किया जा रहा है।





# चंडीगढ़ की महिला को लिफ्ट देकर किया दुष्कर्म,टैक्सी चालक गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून से शर्मनाक खबर सामने आ रही है। चंडीगढ़ की महिला को लिफ्ट देने के बहाने गाडी में बैठाकर दुष्कर्म और लूट को अंजाम दिया गया। महिला की तहरीर के बाद आरोपी युवक को 12 घंटे के भीतर थाना क्लेमेंटाउन पुलिस ने खुशहालीपुर बिहारीगढ से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा दी जानकारी के मुताबिक गुरुवार देर रात महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। महिला 30 अप्रैल को अपने दोस्त का जन्मदिन मनाने चंडीगढ़ से देहरादून आई थी। तीन मई की रात महिला के दोस्त ने उसे शिमला बाईपास पर छोड़ा। इस दौरान वहां से एक कार चालक गुजर रहा था। कार चालक ने महिला को आईएस बीटी तक लिफ्ट देने की बात कही। जिसके बाद महिला गाडी में बैठ गई। गाड़ी जैसे ही आईएसबीटी पहुंची तो महिला ने उसे गाड़ी रोकने को कहा। इस दौरान युवक ने महिला को धमकाते हुए चुपचाप गाड़ी में बैठने को कहा। आरोपी युवक न इस दौरान कार के शीशे बंद कर गाडी के दरवाजे लॉक कर दिये। पुलिस ने बताया कि युवक महिला को जबरन आशारोडी से आगे जंगल की ओर ले गया। वहां पहुंचकर युवक ने महिला के साथ दुष्कर्म कर महिला के बैग से पैसे और अन्य सामान लूट कर महिला को जंगल में छोड़कर भाग गया। घटना के बाद महिला काफी डर गई और रात भर जंगल में ही छिपी रही। सुबह होने पर युवती किसी तरह आईएसबीटी पहुंची और अपने दोस्त को आपबीती सुनाई। महिला और उसके दोस्त ने थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया की आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना क्लेमेंटाउन और एसओजी की संयुक्त टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा अज्ञात वाहन चालक की तलाश के लिए घटना स्थल और आने जाने वाले मार्गों के लगभग 150 सीसीटीवी फुटेजों को चेक किया गया। सीसीटीवी फुटेजों को चेक करने के बाद आरोपी कि पहचान मनीष कुमार खुशहालीपुर बिहारीगढ के रूप में हुई। आरोपी को पुलिस ने उसके गांव से ही दबोच लिया। आरोपी के पास से महिला से लूटा गया बैग व कपडे बरामद किए गए। बता दें आरोपी टैक्सी चालक है। जो देहरादून से सहारनपुर व अन्य रूटों पर टैक्सी चलाता है।

# विकासनगर में जेसीबी से रिजर्व फॉरेस्ट में बनायी गई 28 अवैध मजारें हटायी

विकासनगर। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश के चलते वन विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। निर्देश के बाद से अब तक कालसी भूमि संरक्षण वन प्रभाग की टीम ने रिजर्व फॉरेस्ट में बनाई गई मजारों व अवैध निर्माण को ध्वस्त कराने में सक्रियता दिखाई। रिजर्व फॉरेस्ट से अभी तक 28 अवैध मजारों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया है। वन विभाग की सख्ती से अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप की स्थिति है। चौहड़पुर, तिमली व लांघा रेंज में वन टीमें लगातार अवैध निर्माण चिन्हित करने में लगी हैं। मुख्यमंत्री के सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाने के सख्त निर्देशों के चलते वन टीमें सक्रिय हैं। कालसी भूमि संरक्षण वन प्रभाग के डीएफओ अमरेश कुमार के निर्देश पर वन टीमों ने रिजर्व फॉरेस्ट में अवैध रूप से बनी मजारें व अन्य अतिक्रमण चिन्हित किए। रेंजर मुकेश कुमार के नेतृत्व में चोहड़पुर रेंज में




सहसपुर, होरोवाला, रुद्रपुर, अंबाड़ी बीट से 14 मजारें हटाई गई हैं। तिमली रेंज से माजरी, धर्मावाला, शाहपुर कल्याणपुर, धोला बीट से 12 मजार हटाई गई है। तिमली रेंज, चौहड़पुर रेज अंतर्गत अभी तक जेसीबी की मदद से कुल 26 अवैध मजारों को ध्वस्त किया है। लांघा रेंज में भी दो मजारें हटाई गई हैं। गौर हो कि सबसे पहले चकराता वन प्रभाग की रीवर रेंज ने कालसी आम बाग में मजार और पक्के निर्माण को ध्वस्त किया था। जिसके बाद से वन टीमें सक्रिय हैं। वन क्षेत्राधिकारी तिमली व चौहड़पुर रेंज मुकेश कुमार ने बताया कि आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध निर्माण व अतिक्रमण चिन्हित करने का काम जारी है। भूमि संरक्षण वन प्रभाग कालसी के डीएफओ अमरेश कुमार ने बताया कि भविष्य में रिजर्व फॉरेस्ट में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न हो, इस संबंध में सभी रेंज और बीट अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश दिए गए हैं। जैसे जैसे अतिक्रमण मिलेंगे, ध्वस्त किया जाएगा।

# यू-टयूबर अगस्त्य चौहान के पिता ने जतायी हत्या की आशंका

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के मशहूर यू-टयूबर अगस्त्य चौहान का बुधवार सुबह यमुना एक्सप्रेस वे पर टप्पल क्षेत्र में बाइक राइडिंग के दौरान दुर्घटना में मौत हो गई। जिसके बाद अगस्त्य चौहान के पिता ने मौका-ए- वारदात देखने और उसके साथियों से बात करने के बाद हत्या का अंदेशा जताया है। अगस्त्य के पिता के सवालों के बाद अब उत्तराखंड पुलिस मृतक राइडर के साथियों को बुलाने की तैयारी में है। लेकिन पुलिस को अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले में जांच आगे बढ़ाएगी। अगस्त्य चौहान (22) पुत्र जितेंद्र सिंह चौहान मूल रूप से उत्तराखंड के चकराता रोड कापरी ट्रेड सेंटर के रहने वाले हैं। अगस्त्य चौहान प्रो-राइडर 1000 नाम से यू-ट्यूब चौनल चलाता था। अगस्त्य की वीडियो पर करोड़ों में व्यूज और चौनल पर लाखों की संख्या में फॉलोअर्स भी हैं। बुधवार को अगस्त्य अपनी 15 लाख की कीमती बाइक से सफर कर रहा था। टप्पल क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे के माइल-47 के पास अचानक अगस्त्य की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में अगस्त्य की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी की मदद से पाया कि अगस्त्य की बाइक की रफ्तार 300 किमी प्रति घंटा थी। अगस्त्य के

## 300 किमी प्रति घंटा की रफ्तार में था बाईक राइडर, चारों युवक अब तक सामने नहीं आए



पिता ने घटनास्थल पर जाकर हत्या की आशंका जताई। मीडिया रिपोर्ट्स में प्रकाशित हुए बयानों के आधार पर अगस्त्य के पिता ने कहा कि ये कोई हादसा नहीं है। बल्कि बाइक राइडिंग की रंजिश में हत्या है। पिता ने पुलिस के सामने हत्या की आशंका जताते हुए आरोप लगाए कि दिल्ली से उनका बेटा अगस्त्य अपने चार अन्य बाइक राइडर साथियों संग चला था। सभी के बीच 300 किमी से ऊपर की प्रतियोगिता तय थी। सभी की बाइकों व हेलमेट पर एक दूसरे की वीडियो बनाने संबंधी 360 डिग्री के कैमरे भी सेट थे। वे कैमरे गायब हैं। इनमें से तीन युवक जेवर से यू- टर्न लेकर वापस चले गए। जबकि अगस्त्य और एक अन्य साथी दुर्घटनास्थल तक आए। जिसके बाद दूसरा युवक भी यू-टर्न लेकर वापस चला गया। जिसके बाद उसने अगस्त्य के बारे में कुछ भी जानने का प्रयास नहीं किया। अगस्त्य के पिता ने कहा कि ये दूसरे का रिकॉर्ड तोड़ने कि रंजिश में हत्या है। अगस्त्य के पिता ने कहा की 300 किमी की रफ्तार से बाइक दौड़ रही थी तो सिर्फ सिर में चोट आई है और बाइक भी मामूली टूटी फूटी है। अगर इस रफ्तार से बाइक चलती तो शरीर के अन्य अंग भी चोटिल होते या फिर बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त होती। बेटे के साथ चल रहे अन्य राइडर ने अगस्त्य के परिजनों से तीन घंटे बाद संपर्क किया। उसने खुद की लोकेशन बताई। परिवार वाले जब उससे मिलने गए तो वह वहां पर नहीं मिला और बार बार अपनी लोकेशन बदलने लगा। अगस्त्य की मौत के बाद से चारों युवक अभी तक सामने नहीं आए। इस वजह से अगस्त्य के पिता ने अगस्त्य की मौत को हादसा ना मानते हुए मौत की आशंका जताई है।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे– छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817


# तीन दिन बाद चकमा देकर फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बागेश्वर(उद संवाददाता)।पुलिस अभिरक्षा से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बाद भी एनडीपीएस एक्ट का आरोपी आसानी से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। एक आरोपी का इस तरह पुलिस अभिरक्षा के दौरान पुलिस को चकमा देकर भागने से जिले की कोतवाली पुलिस और पुलिसिया कोताही पर सवालिया निशान उठ रहे है। वही स्मैक के मामले में वांछित आरोपी तीन दिन बादकड़ी मशक्कत से पुलिस के हत्थे चढ़ा है, वही आरोपी पुलिस को नदियों से लेकर जंगलों तक छकाते रहा,वही तीन दिन बाद उसे नगर के समीप ही आसपास के लोगों की मदद से पकड़ा जा सका, उसे पकड़ने के लिए ड्रोन कैमरे का भी इस्तेमाल किया। आखिरकार पुलिस ने उसे गुरुवार की रात पकड़ लिया। शुक्रवार को मेडिकल के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश के बाद जेल भेज दिया है। वही पुलिस द्वारा पकड़े गए वारंटी को गिरफ्तार करने को लेकर प्रेस वार्ता की गई। मामले का खुलासा करते हुए सीओ अंकित कंडारी ने बताया कि वारंटी धीरज थापा पुत्र धन सिंह थापा हाल निवासी किरायेदार पप्पू दफौटी नुमाईशखेत पुलिस को चमका देकर भाग गया था। उसकी तलाश में पुलिस दिन रात जुटी रही, लेकिन पुलिस अभिरक्षा से भागने वाला आरोपी पुलिस चमका देता रहा। मामले में पुलिस ने एक और धारा लगाकार कोतवाल कैलाश नेगी के नेतृत्व में टीम गठित की।पुलिस व एसओजी प्रभारी प्रह्लाद सिंह की संयुक्त टीम ने लगातार तीन दिन, तीन रात संभावित स्थानों पर दबिश दी। वाहनों को चेक किया। ड्रोन कैमरे की मदद से क्षेत्र के घने जंगलों, नदी किनारे व नुमाईशखेत, चंडिका मंदिर, नई बस्ती, चौरासी, सैंज, भुरचुनिया धार, दफौट, पाटन, मोहननगर, माल्ता, मेहनरबूंगा, पगना, गाड़गांव आदि स्थानों पर कॉबिंग की। गुरुवार की रात साढ़े दस बजे करीब प्रावि गाड़गांव के पास उसे गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश के बाद अल्मोड़ा जेल भेज दिया है। वही पुलिस की लापरवाही से आरोपी आसानी से भाग गया, जबकि किसी आरोपी के अभिरक्षा के दौरान भागने से पुलिसिया कार्यशैली पर सवालिया निशान भी उठ रहे है।इस दौरान पुलिस टीम में एसएसआई खष्टी बिष्ट, एसओजी प्रभारी प्रहलाद सिंह, उपनिरीक्षक गोविन्द बल्लभ भट्ट ,एसआई मीना रावतसहित पुलिस के सिपाही मौजूद थे।



# आयुर्वेदाचार्य गुरूजी ने जापान में लहराया आयुर्वेद का परचम

टोक्यो। आयुर्वेदाचार्य डॉ0 प्रकाश इंडियन टाटा 'गुरुजी' ने जापान की राजधानी टोक्यो में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से मरीजों का उपचार कर भारतीय चिकित्सा पद्धति को विदेश में भी स्थापित किया है। डॉ0 प्रकाश टाटा देहरादून के फिल्म अभिनेता लकी खान के जन्मदिन के मौके पर जापान गए थे ,लकी खान और आयुर्वेदाचार्य डॉ प्रकाश टाटा के संबंध एक परिवार जैसे हैं उन्होंने जापान के सबसे प्रसिद्ध मंदिर सेनसोजी के भी दर्शन किये जो कि आशकुसा में है। डॉ0 प्रकाश टाटा का जन्म 01.01.1955 को मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में हुआ था। उनका पूरा जीवन अपने ही शब्दों के साथ इतने सारे अजीब और अविश्वसनीय चमत्कारों के साथ पूरा हुआ ।उनका कहना है कि उस समय मेरे परिवार और गाँव में अशिक्षा और अंधविश्वास के कारण, कोई भी यह पता नहीं कर पा रहा था कि मेरे साथ क्या हो रहा है। वे सभी मुझे भय के रूप में महसूस करने लगते हैं, और ऐसी स्थिति के कारण कई ग्रामीण मेरे परिवार को इस लड़के को देवी काली के चरणों में बलिदान करने के लिए मजबूर करने लगते हैं। लेकिन मेरे माता–पिता द्वारा बलिदान करना संभव नहीं था, और वे मुझे उस समय के एक प्रसिद्ध संत श्री 108 अमृत लाल तिवारी जी, मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के पास पातालकोट के घने जंगल में ले गए, और इस तरह की समस्या के बारे में पूछा। संत अमृत तिवारी जी ने मेरे माता–पिता को सूचित किया, कि लड़का बहुत शक्तिशाली ध्यान ऊर्जा को ले जाने वाले ऐसे लड़के ने अपने पिछले जन्म को धारण किया है, और आप इस बच्चे को मेरे संरक्षण में छोड़ दें, मैं उसकी देखभाल करूंगा। 'मेरे माता–पिता ने मुझे उस संत अमृत के साथ छोड़ दिया। मैंने अपने गुरुजी श्री श्री 108 श्री अमृतलाल तिवारी जी से अपनी आध्यात्मिक शक्तियों को नियंत्रित करने के लिए कई योग साधनाओं के बारे में सीखा और इसके साथ ही गहन ज्ञान भी हुआ। आयुर्वेद और जड़ी बूटियों के जो कई बीमारियों का इलाज करने में सक्षम हैं भारत के जाने–माने डॉक्टर इंडियन प्रकाश टाटा आयुर्वेदाचार्य फिल्म अभिनेता लकी खान के जन्मदिन के मौके पर जापान गए । अभिनेता लकी खान के माध्यम से वहां पर कुछ जापानी लोगों का भी चेकअप किया जो कि जड़ी–बूटी के इलाज से यहां के लोग काफी प्रभावित हुए बहुत जल्द जापान में टाटा हाउस के नाम से एक क्लीनिक खोला जाएगा जिससे की जड़ी बूटियों से लोगों का इलाज हो सके और अपने भारत देश का नाम रोशन हो सके।



# मिलावटखोरों ने पनीर में मिलाया वनस्पती घी और रिफाइंड,चार सैंपल हुए फेल

रुद्रपुर। मिलावटखोर अधिक कमाई के चक्कर में लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। खाद्य पदार्थों की जांच के लिए जिले में जून में चलाए गए दो अभियानों में पनीर के चार नमूने फेल और तीन अधोमानक मिले हैं। फेल चार नमूनों में पनीर में वास्तविक वसा के स्थान पर वनस्पती घी और रिफाइंड मिला है। इस मिलावटी पनीर से हार्ट अटैक के साथ ही किडनी, लीवर, बीपी और शुगर की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावट खोरों पर सीजेएम कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराने से पहले उन्हें गाजियाबाद और कोलकाता की राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशालाओं में नमूनों की दोबारा जांच कराने का मौका दिया है।खाद्य संरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने 11 अप्रैल से 15 और 20 से 22 जून जिले में खाद्य पदार्थों की जांच के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया था। इस दौरान कुल पनीर, दूध, मसाले, मावे व तेल के 45 नमूने लिए थे। इनमें दूध के चार नमूनों में से तीन और मावे के छह में एक नमूना अधोमानक पाया गया था। मसाले का एक नमूना भी अधोमानक मिला है। पनीर के सात में चार नमूने पूरी तरह फेल और तीन अधोमानक पाए गए हैं। राज्य खाद्य एवं औषधि विश्लेषणशाला के अनुसार, जांच रिपोर्ट फेल पाया गया पनीर स्वास्थ्य के लिए मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है। इससे होने वाली गंभीर बीमारियों से मनुष्य की मौत भी हो सकती है। ऊधम सिंह नगर जिले में प्रतिमाह यूपी के बरेली, रामपुर, स्वार, मुरादाबाद आदि जगहों से प्रतिमाह हजारों क्विंटल पनीर पहुंच जा रहा है। इसके अलावा कुछ निजी डेयरी संचालक भी दूध से पनीर बना रहे हैं। राज्य खाद्य एवं औषधि विश्लेषण शाला के उपायुक्त आरएस कठायत बताते हैं कि दूध से पनीर बनाने से पहले मिलावटखोर पहले निकालकर घी और मक्खन बनाकर बेचते हैं। इसके बाद मिलावटखोर दूध के सफेद हिस्से (सपरेटा) में फॉरेन फेट यानी वनस्पती घी और रिफाइंड मिलाकर क्रीम और वास्तविक वसा की पूर्ति करने का प्रयास करते हैं। यानी मिलावट खोर दूध से तीन गुना फायदा उठाते हैं। पहले वह क्रीम से दूध व मक्खन बनाकर बेचते हैं। इसके बाद सस्ते व घटिया तेल व डालडा की मिलावट कर पनीर बनाते हैं। इसके बाद बचे हुए गुणवत्ता विहीन दूध को भी बेच देते हैं। जिले में सबसे अधिक मिलावट पनीर और दूध में हो रही है। अप्रैल में चलाए गए दो विशेष सैंपलिंग अभियानों की जांच रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। पनीर में वास्तविक वसा के स्थान पर फॉरेन फेट मिलें हैं, जो कि मानव स्वास्थ्य के लिए घातक हैं। जिला खाद्य संरक्षा अधिकारी ललित मोहन पांडेय ने कहा कि मिलावटखोरों के विरुद्ध सीजेएम कोर्ट में केस दर्ज कराया जाएगा। लेकिन इससे पहले खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिक अधिनियम के तहत मिलावटखोरों को गाजियाबाद और कोलकाता की राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशालाओं में पनीर के नमूनों की दोबारा जांच कराने का मौका दिया गया है।

# मधुमक्खियों के हमले से बच्चे की मौत,जंगल में मिला शव

चंपावत। पड़ोस के गांव में रिश्तेदार की शादी में शामिल होने जा रहे परिवार पर जंगल में मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। हमले में ढाई साल के मासूम की मौत हो गई। वह जंगल में खाई में पड़ा मिला। कोटकेंद्री के गणेश राम का परिवार बृहस्पतिवार को जंगल के रास्ते पड़ोस के गांव बांस बरकूम जा रहा था। बताया जा रहा है कि वहां गणेश के साले की शादी थी। रास्ते में अचानक मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया। गणेश राम और उसकी पत्नी पार्वती छह महीने की बेटी को लेकर किसी तरह बच निकले लेकिन 19 साल का भतीजा मनोज उनके ढाई साल के बेटे कार्तिक को लेकर दूसरी दिशा की ओर भाग गया। मधुमक्खियां पीछे पड़ीं तो वह कार्तिक को जंगल में छोड़कर एसएसबी की खेत ब्यूरी बीओपी पहुंच गया। वहां वह बेहोश हो गया। उप जिला अस्पताल में इलाज के बाद देर शाम होश आने पर उसने कार्तिक के बारे में बताया तो अफरातफरी मच गई। परिजनों के साथ पुलिस और एसडीआरएफ की टीम फौरन रेस्क्यू में जुट गई। जंगल में खोजने के बाद सुबह कार्तिक एक खाई में अचेत अवस्था में पड़ा मिला। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। डॉ. हेमंत का कहना है कि बच्चे को मधुमक्खियों ने काटा था। इसके अलावा उसके सिर पर भी चोट थी। मधुमक्खियों के हमले से जान गंवाने वाले कार्तिक के जंगल में छूटे होने का समय पर पता चल जाता तो उसकी जान नहीं जाती। घायल मनोज के बेहोश होने के साथ ही परिजनों को भी इसका आभास नहीं था कि कार्तिक जंगल में छूटा हो सकता है। मनोज के अस्पताल में होने से परिजन मान रहे थे कि वह कार्तिक को गांव में ही या फिर किसी के पास सुरक्षित छोड़ गया होगा। देर शाम होश आने पर जब मनोज ने कार्तिक के जंगल में होने की बात बताई तो सभी सन्न रह गए।

# वार्ता के पश्चात फार्मेसिस्टों का आंदोलन एक माह तक स्थगित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन द्वारा किए जा रहे चरण वद्ध आंदोलन को आगामी एक माह तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बीएन बेलवाल ने बताया कि गत दिवस राजधानी देहरादून में विभागीय अधिकारियों तथा एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के मध्य वार्ता हुई थी। सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा उत्तराखण्ड शासन द्वारा महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में संघ के पदाधिकारियों के साथ संगठन की लम्बित मांगों पर वार्ता हेतु शासन में बैठक आयोजित की गयी वार्ता में संगठन के प्रांतीय महामंत्री आरएस ऐरी, अध्यक्ष जीबी नौटियाल, संयुक्त मंत्री सुरेश पालीवाल, कोषाध्यक्ष केआर आर्या, संप्रेक्षक श्रीमती उर्मिला द्विवेदी तथा मंडलीय सचिव आरएस रावत शामिल रहे। उन्होंने बताया कि वार्ता के दौरान सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा उत्तराखण्ड शासन द्वारा संगठन की शासन स्तर की चार मांगों पर सहमति प्रकट करते हुए इन्हें शीघ्र निस्तारित करने का संगठन को आश्वासन दिया तथा महानिदेशालय स्तर की लम्बित मांगों के निस्तारण हेतु महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड को एक सप्ताह के अन्दर संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें निस्तारित करने के निर्देश दिये। शासन स्तर से यथाशीघ्र निस्तारित किये जाने सम्बन्धी मांगों में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के अधीन वीआईपी ड्यूटी, यात्रा मार्गों, मेलों आदि के दृष्टिगत (संवर्ग के पदों में शामिल पूर्व सृजित) आस्थगित रखे गये 63 पदों (33 फार्मेसिस्ट व 30 चीफ फार्मेसिस्ट ) को यथाशीघ्र क्रियाशील किया जायेगा। विगत 22 वर्षों से लम्बित फार्मेसिस्ट संवर्ग की संशोधित अराजपत्रित एवं राजपत्रित सेवानियमावली को यथाशीघ्र प्रख्यापित किये जाने पर शासन स्तर पर परिणामी कार्यवाही की जा रही है।विभागीय तौर पर अन्य संवर्गों की भाँति फार्मेसिस्ट संवर्ग के पदधारकों के पदनाम परिवर्तन अर्थात फार्मेसिस्ट को फार्मेसी अधिकारी, चीफ फार्मेसिस्ट को मुख्य फार्मेसी अधिकारी, प्रभारी आधिकारी फार्मेसी को प्रमुख फार्मेसी अधिकारी / जिला फार्मेसी अधिकारी तथा उपनिदेशक फार्मेसी को संयुक्त निदेशक फार्मेसी किये जाने हेतु शासन स्तर पर परिणामी कार्यवाही की जा रही है। चिकित्सक एवं स्वच्छक के पोस्टमार्टम भत्ते मे वृद्धि के फलस्वरूप फार्मेसिस्ट संवर्ग को अनुमन्य पोस्टमार्टम भत्ते पारिश्रामिक में व्याप्त विसंगति को दूर करते हुए फार्मेसिस्ट को 300 रुपए पोस्टमार्टम भत्ता अनुमन्य किये जाने पर महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य से अविलम्ब निर्धारित प्रारूप पर प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु निर्देश जारी किये गये हैं। प्रस्ताव प्राप्त होते ही उक्त विषय पर त्वरित कार्यवाही की जायेगीP पीएचएस मानक में संशोधन कर फार्मेसिस्ट संवर्ग के पदों में बृद्धि किये जाने संबंधी प्रस्ताव सहित महानिदेशालय में लम्बित संवर्ग की अन्य मांगों के निस्तारण हेतु सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा उत्तराखण्ड शासन द्वारा महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड को निर्देश दिये गये हैं कि महानिदेशक एक सप्ताह के अन्दर संगठन के पदाधिकारियों के साथ वार्ता करके लम्बित अन्य सभी मांगों का निस्तारण करें।वर्तमान में चल रही चारधाम यात्रा ड्यूटी करने वाले समस्त कार्मिकों को यात्रा ड्यूटी हेतु प्रोत्साहन भत्ता प्रदान किये जाने पर संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष एवं महामंत्री ने सचिव महोदय तथा सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री बेलवाल ने बताया कि उपरोक्त सकारात्मक वार्ता के उपरांत सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा उत्तराखण्ड शासन द्वारा संगठन से वर्तमान में चल रहे अपने आन्दोलन को वापस लेने की अपेक्षा की गयी। जिस पर संगठन द्वारा वर्चुवल बैठक के माध्यम से प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक करके आगामी एक माह के लिए आन्दोलन को स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

# प्रदेश में संस्कृति संरक्षण हेतु सरकार प्रतिबद्ध: धामी

## डोल आश्रम में मुख्यमंत्री ने किया नर नारायण की मूर्तियों का अनावरण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डोल आश्रम पहुँचकर श्री कल्याणिका हिमालय देवस्थानम के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने 1100 कन्याओं का पूजन किया साथ ही नर-नारायण मूर्तियों का अनावरण किया तथा श्रीयंत्र में पूजा-अर्चना की और देश एवं प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि परम पूज्य महाराज कल्याणदास जी ने एक साधक के रूप में पाँच दशकों तक लगातार साधना की और सम्पूर्ण भारत वर्ष के अन्दर अनेकों ऐसे प्रकंल्प खड़े किये जिनके माध्यम से सामान्य घर में पैदा होने वाले, गरीब घर में पैदा होने वाले लोगों के उत्थान का कार्य, शिक्षा देने का कार्य, स्वास्थ्य सुविधा देने का कार्य, एवं उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने इस आश्रम में जिस प्रकार से श्रीयंत्र स्थापित किया है आने वाले समय में केवल भारतवर्ष ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व के लोग इस आश्रम में शान्ति, आध्यात्म और संस्कृति को जानने के लिए आयेंगे। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को बुद्व पूर्णिमा की बधाई दी और महात्मा बुद्व के धर्म, शान्ति एवं अंहिसा के मार्ग पर चलने को कहा। उन्होंने कहा कि बाबा जी की जो सोच है कि आने वाले समय पर यहाँ से पलायन पर रोक लगे और यहाँ के लोगों को यहीं पर कार्य करने का अवसर मिले इस क्षेत्र में यह केन्द्र सभी के अन्दर कही न कही जागृति लाने कार्य एवं उस दिशा में प्रेरित् करने का कार्य भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि जागेश्वर धाम भी पाँचवें धाम के रूप में विकसित हो इसके लिए प्रधानमंत्री से अनुरोध किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति की पताका सम्पूर्ण विश्व में लहरा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संस्कृति संरक्षण हेतु हमारी सरकार प्रतिबद्व है इसके लिए हमारी सरकार एक कठोर धमार्न्तरण का कानून लेकर आयी है। हमारी सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि लैण्ड जिहाद के तहत हुए अतिक्रमण को भी समाप्त किया जायेगा तथा समान नागरिक संहिता को लागू किया जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यहाँ पर 3 नये पार्किंग स्थल विकसित किये जायेंगे तथा आश्रम में जो संस्कृत विद्यालय संचालित किया जा रहा है उसका महाविद्यालय बनाने के लिए या विश्वविद्यालय बनाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि डोल आश्रम को पूज्य महाराज कल्याणदास जी ने स्थापित किया उनकी सोच के अनुरूप धर्म, आध्यात्म, संस्कृति और शिक्षा के एक बड़े केन्द्र के रूप में यह आगे बढ़ रहा है एवं विकसित हो रहा है। उन्होंने महाराज जी का अभिनन्दन करते हुए कहा कि उन्होंने सम्पूर्ण जीवन यहाँ के लोगों की सेवा एवं परमार्थ के कार्यों में लगाया। उन्होंने कहा कि जो हमारा मानसखण्ड मन्दिरमाला मिशन है उस मिशन के अन्तर्गत यह आश्रम भी एक अंग के रूप में विकसित होगा तथा आने वाले समय में जिस प्रकार चारधाम यात्रा चलती है उसी प्रकार मानसखण्ड यात्रा एवं कैलाश मानसरोवर यात्रा भी चलेगी तथा उसका एक बहुत बड़ा पड़ाव डोल आश्रम तथा जागेश्वर धाम भी होगा। उन्होंने कहा कि शासन का जो मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन का मास्टर प्लान है वह पूर्णरूप से तैयार हो चुका है, उसकी शुरूआत जागेश्वर धाम से की जायेगी। इस अवसर पर जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा ने कहा कि महाराज कल्याणदास जी ने इस क्षेत्र में जो परमार्थ कार्य किए है वह अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि आपके मार्गदर्शन में यहाँ से पलायन को रोका जा सकता है। आपके द्वारा स्थापित संस्कृत विद्यालय में कई गरीबों के बच्चों को शिक्षा प्राप्त हो रही है। तथा लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अस्पताल का निर्माण भी कराया है जिसके लिए यह समाज आपका हमेशा ऋणी रहेगा। इस अवसर पर विधायक अल्मोड़ा मनोज तिवारी ने कहा कि निरन्तर इस आश्रम में आने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि सन्त महात्माओं ने उत्तराखण्ड आकर तपस्या की और आध्यात्म का केन्द्र बनाया और हम सब को इस संस्कृति के वाहक के रूप में एक संदेश देने का कार्य किया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविन्द सिंह कुंजवाल ने कहा कि बाबा जी द्वारा क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा, पलायन हेतु जो कार्य किये जा रहे है वह सराहनीय है। इस अवसर पर पूज्य महाराज कल्याणदास जी ने सभी उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी जन्मभूमि के लिए बेहतर कार्य करने होंगे। उन्होनें कहा कि हमें बुरे व्यसनों को त्याग कर आध्यात्म को अपना होगा तभी हमारा जीवन एवं समाज सुख समृद्वि प्राप्त कर पायेगा।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, सुभाष पाण्डे, जिलाधिकारी वन्दना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रचिता जुयाल, सहित अनेक अखाड़ों के मंहत, अनेक जनप्रतिनिधि एवं श्रद्वालु उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन स्वामी हरि चौतन्य ने किया।





## इंटरार्क मजदूरों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इंटरार्क मजदूरों का एक प्रतिनिधिमंडल स्थानीय विधायक शिव अरोरा से मिला और ज्ञापन प्रेषित कर किया । उन्हें अवगत कराया कि इंटरार्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड सिडकुल पन्तनगर एवं किच्छा जिला ऊधमसिंह नगर के प्रबंधन द्वारा कंपनी में कार्यरत 32 मजदूरों का अविधिक रूप से उत्तराखंड राज्य से बाहर ट्रांसफर कर दिया है ।उनमें से 28 मजदूरों का 3 अप्रैल 2023 से गेटबन्दी कर दी गई है जो कि जिला प्रशासन की मध्यस्थता में हुवे लिखित समझौता दिनाँक 15/12/2022 का खुला उल्लंघन है और उच्च न्यायालय उत्तराखंड द्वारा इंटरार्क मजदूर संगठन की अपील पर जुलाई 2020 में दिए गए आदेश की घोर अवमानना है ।उत्तराखंड राज्य के मॉडल स्टैंडिंग ऑर्डर ,इंटरार्क कंपनी के प्रमाणित स्टैंडिंग ऑर्डर का भी घोर उल्लंघन है । स्पष्ट है कि इंटरार्क कंपनी प्रबंधन द्वारा उत्तराखंड के उच्च न्यायालय को ,उत्तराखंड राज्य के कानून को और जिला प्रशासन को ताक पर रखकर मनमानी की जा रही है । जो कि अत्यंत चिंता का विषय है । मजदूरों ,महिलाओं और बच्चों द्वारा अनगिनत बार प्रार्थना करने के पश्चात भी जिला प्रशासन प्रशासन द्वारा उक्त गैरकानूनी कृत्यों पर



रोक नहीं जा रही है ।ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जिला प्रशासन की नजरों में उत्तराखंड उच्च न्यायालय के उक्त आदेश की और उत्तराखंड राज्य के उक्त कानून की और खुद अपनी मध्यस्थता में हुवे उक्त समझौता की कोई भी अहमियत नहीं रह गई है । मजदूरों ने विधायक शिव अरोरा से तत्काल हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग की। कहा कि न्याय न मिला तो इसके खिलाफ महिलाएं, मजदूरों व क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर 7 मई को अम्बेडकर पार्क रुद्रपुर से जिलाधिकारी आवास तक पदयात्रा निकालने और निर्णायक आंदोलन करने को विवश होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में बिरेन्द्र कुमार ,रविन्द्र सिंह, बबलू सिंह, प्रभुदयाल वर्मा, श्रीराम यादव, विशाल पटेल, मंगल सिंह राम बचन यादव आदि शामिल थे ।

## युवाओं को वैश्विक चुनौतियों से रूबरू करायें: राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एन के. जोशी ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की गतिविधियों के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध करायी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कुलपति से कहा कि विश्वविद्यालय, प्रधानमंत्री की जी-20 मुहीम को आगे बढ़ाने के लिए सभी सम्बद्ध कॉलेजों में वाई-20 युवा मंथन कार्यक्रम आयोजित करे। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को वैश्विक चुनौतियों से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। युवा मंथन मॉडल के माध्यम से टीम बिल्डिंग, अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति, बहुपक्षीय वार्ता और राष्ट्रीय सुरक्षा के विषयों पर वार्ता का अवसर मिलेगा जो उनके लिए लाभकारी होगा। उन्होने कहा सभी कॉलजों में यह कार्यक्रम सुनिश्चित किए जांए। राज्यपाल ने कुलपति से कहा कि विश्वविद्यालय में ईआरपी सिस्टम विकसित करें जिससे विद्यार्थियों को डिग्री, मार्कशीट और माइग्रेशन सर्टिफिकेट के लिए उन्हें विश्वविद्यालय न आना पड़े। उन्होंने कहा कि फैकल्टी को नवीनतम तकनीकी की जानकारी हेतु उनके लिए प्रशिक्षण आयोजित किए जाए। इसके लिए ऋषिकेश कैंपस में फैकेल्टी डवलपमेंट सेन्टर बनाया जाये जिससे विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों की फैकल्टी को उसमें प्रशिक्षण दिया जाय। राज्यपाल ने कुलपति को यह भी निर्देश दिए कि श्री देव सुमन विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एक ऐसे कॉलेज का चयन करें जिसमें बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सिविल सेवा, बैंकिंग, रक्षा सेवाओं के लिए तैयारी करायी जा सके। इसके लिए कॉलेज अवस्थापना एवं बालिकाओं की सुरक्षा आदि के दृष्टिगत उपयुक्त हो। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता पर



# बच्चों को शिक्षा के साथ दें देशभक्ति के संस्कार: स्नेहपाल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर, भूरारानी में आयोजित एकल अभियान भजन संध्या कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सह मंत्री वरिष्ठ प्रचारक स्नेहपाल ने बताया कि यह सभी भजन गायिका बहने गांव गांव तथा बस्ती जाकर समाज में पिछड़े परिवारों के बच्चों को पढ़ाने का काम करती हैं। उनको देश भक्ति से परिपूर्ण संस्कार सिखाती है तथा धर्म के मार्ग पर भी चलने का रास्ता दिखाती हैं। यह कार्य सभी लोगों को भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एकल अभियान के तहत समाज के गरीब व पिछड़े परिवारों के बच्चों को न सिर्फ बेहतर शिक्षा प्रदान करने का प्रयास किया जाता है साथ ही साथ उन्हें खेलकूद में भी प्रोत्साहित करते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया यह खुशी की बात है कि इस जनपद के कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त किए हैं। अपने संबोधन में वरिष्ठ समाज सेवी उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष तथा संभाग खेलकूद संयोजक भारत भूषण चुघ ने कहा कि ईश्वर का भजन करने व सुनने से हर व्यक्ति कर्म और विचारों में पवित्रता का समावेश होता है। इसलिए सभी को पूरी तरह से भक्ति में लीन होकर प्रभु के भजन करने व सुनने चाहिए। भजन संध्या कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हर भजन में कोई न कोई प्रेरणा दाई शिक्षा होती है। इसी शिक्षाओ को ग्रहण कर हम अपने जीवन को वास्तविक रूप से सफल बना सकते हैं। उन्होंने कथाकार बहिनों व उनके साथियों के साथ ही उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमें इनसे प्रेरणा लेकर व्यस्त दिनचर्या से कुछ समय ईश्वर भक्ति के लिए भी निकलना चाहिए। भजन संध्या के



दौरान कथाकार बहिनों द्वारा मां भगवती, राधा कृष्ण, राम, हनुमान, भगवान शिव, एकल गीत, सामूहिक गीत सहित कई सुंदर भजन सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वनवासी ग्राम वासियों कार्यकर्ताओ के माध्यम से नगर को जगाने आए हुए कथा कार बहिनें एकल अभियान भजन संध्या कार्यक्रम सम्भाग उत्तराखंड अंचल उधम सिंह नगर में श्री सनातन धर्म मन्दिर भूरारानी में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य यजमान काशी राम छाबड़ा व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती राधा छाबड़ा थे। साथ ही साथ वह इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भी कर रहे थे। कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप देने में मंदिर के अध्यक्ष सुरेश गांधी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर सम्भाग समिति अध्यक्ष हरीश बजाज,ईजीएस कुमाऊं अध्यक्ष बलदेव छाबड़ा, उपाध्यक्ष शैली बंसल, संभाग उपाध्यक्ष नीता नारंग, पूजा गोस्वामी, अंचल समिति सदस्य, संभाग प्रमुख कुलवीर सिंह, केन्द्रीय प्रमुख भजन संध्या टोली की मंगला चरण, अंकिता,गणेश वन्दना, खुशबू, रोहिणी,शिव भजन, ममता, शिवांगी गोस्वामी, स्वेता, दिनेश कपूर मनोज अरोरा, उमेश सिंह चौहान, चंद्रप्रकाश चुघ, गोविंद ग्रोवर, चुन्नी लाल चुघ, ओमप्रकाश अरोरा, रामलाल कटारिया, किशन लाल अरोरा, भोला सहनी, विजय अरोरा, बंटी कटारिया, रमेश ढींगरा, अशोक कालड़ा, जामवंत सिंह, नीलकंठ राणा, दीपक राणा, सुभाष जुनेजा, ओम प्रकाश कटारिया, उषा गांधी, अंजू कटारिया, ज्योति कालड़ा, मीना ढींगरा, नीलम कटारिया, संजय अरोरा, तरुण जुनेजा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भारत भूषण चुघ व अमित श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया।

# बाबा बुड्ढा जी के 55 वें जोड़ मेला समागम में उमड़ी संगत

गदरपुर( उद संवाददाता)। श्री गुरु नानक देव जी के वरोसाए धन धन बाबा बुड्ढा जी के पवित्र स्थान निर्मल तख्त तलाब बाबा बुड्ढा जी नंबर 4 नवाब गंज रेबड़ा में तीन दिवसीय 55 वें गुरमत समागम एवं मेले का धूमधाम से समापन हुआ। श्री रामदास श्री अमृतसर से आए निर्मल तख्त के सरपरस्त बाबा भगवंत भजन सिंह ने बताया कि 55 वें जोड़ मेले एवं बुद्धपूर्णिमा कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों ने सहभागिता करते हुए गुरु घर की सेवा की । अखंड पाठों के भोग के उपरांत भारी दीवान सजाए गए जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा भगवंत भजन सिंह द्वारा अरदास के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहब को नमन करने के उपरांत किया गया । हजूरी कवि श्री जत्था भाई बलविंदर सिंह द्वारा श्री गुरु अमरदास जी के प्रकाश पर्व पर उनके जीवन की गाथाओं का भावपूर्ण स्मरण किया । रागी जत्था भाई दर्शन सिंह बाजपुर, भाई नजर सिंह गुरुद्वारा नानक पुरी टांडा ,भाई कुलदीप सिंह केलाखेड़ा एवं भाई सुखदेव सिंह रामदास अमृतसर वालों द्वारा गुरबाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया गया । वहीं कवि श्री जत्था भाई सरबजीत सिंह और भाई मक्खन सिंह दशमेश नगर पंजाब वालों द्वारा शहीदों की गाथाओं का वर्णन करने के साथ खालसा राज की नींव रखने वाले बाबा बंदा सिंह बहादुर और शेरे पंजाब महाराजा रणजीत सिंह द्वारा खालसा राज का अफगानिस्तान ,जम्मू कश्मीर, चाइना, लेह लद्दाख तक के विस्तार का वर्णन किया गया । कथावाचक भाई हरप्रीत सिंह केस गढ़ ,हरविंदर सिंह रुद्रपुर, देवेंद्र सिंह गदरपुर द्वारा ऐतिहासिक तथ्यों के अलावा सरदार हरी सिंह नलवा के शहीदी दिवस के संबंध में उनकी जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम में बाबा भगवंत भजन सिंह द्वारा दर्जनों बच्चों को सुंदर दस्तार सजाकर उन्हें पुरस्कृत किया गया । इस दौरान मेले में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ के भोग तथा मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालुओं द्वारा बैंड बाजे से खुशियां मनाई गई । देश विदेश से आई संगत ने गुरु घर की सेवा करने के साथ गुरु के लंगर में अपनी कमाई का दसवां हिस्सा भी अर्पित किया। बाबाभगवंत भजन सिंह ने सभी संगत का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम के 55 वर्ष तक के हो चुके कार्यक्रम का विस्तार से वर्णन किया निर्मल तखत तालाब बाबा बुड्ढा जी के नंबर 4 के मुखिया बाबा बलजीत सिंह द्वारा सारी व्यवस्था को संभालते हुए अपना विशेष योगदान दिया । कार्यक्रम का संचालन हरप्रीत सिंह ने किया विशेष तौर पर पहुंचे जसपुर की महिला कवि श्री जत्था मनदीप कौर द्वारा बाबा बुड्ढा जी के जीवन पर प्रकाश डाला वही नानकसर ठाठ के बाबा प्रताप सिंह के जत्थे द्वारा गुरु घर की वडियाई करते हुए सभी को गुरु वाले बनकर गुरु घर की सेवा में जुट जाने का आह्वान किया गया । इस मौके पर हजारों की संख्या में संगत ने गुरु का लंगर प्रसाद ग्रहण किया । तीन दिन लगातार सजाए गए रात्रि दीवान में भी नाम स्मरण करवाते हुए बाबा भगवंत भजन सिंह ने सभी संगत को गुरु घर को समर्पित होने का आह्वान किया ।





# घर में अकेली महिला की हत्या से सनसनी

हल्द्वानी। गोरापड़ाव क्षेत्र में घर में अकेली अधेड़ महिला की निर्मम तरीके हत्या कर दी गई। उसका शव बाथरूम में पड़ा मिला। गले में दुपट्टे का फंदा डला था जबकि सिर के दाईं तरफ घाव का निशान है। बाथरूम में रखे टब में भी खून था। इससे माना जा रहा है कि मृतका का चेहरा पानी में डुबाया गया होगा। जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। किसी काम से उसका दामाद घर पहुंचा तो घटना का खुलासा हुआ। उसकी सूचना पर एसएसपी चारों थानों की पुलिस व फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हत्याकांड का खुलासा करने के लिए चार टीम गठित की गईं हैं। गोरापड़ाव के हैड़ागज्जर निवासी नंदी देवी (48) पत्नी स्व. उमेद सिंह घर में ही किराने की दुकान चलाती थीं। उसकी तीनों बेटियों की शादी हो चुकी है जबकि बेटा हत्या के मामले में जेल में है। छोटी बेटी ममता के पति रोहित कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले ममता मायके रुककर गई थी। यहां उनके बेटे का वॉकर रह गया था। इसे लेने शुक्रवार दोपहर करीब पौने दो बजे वह ससुराल आय तो मुख्य गेट थोड़ा बंद था और घर के ताले भी खुले थे। कमरे में खून पड़ा देख अनहोनी की आशंका हुई। आवाज देने पर जब कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने सास नंदी देवी की तलाश शुरू की तो उसका शव बाथरूम में पड़ा मिला। इस पर उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसएसपी पंकज भट्ट, एसपी क्राइम डॉ. जगदीश चंद्र, एसपी सिटी हरबंस सिंह, सीओ हल्द्वानी भूपेंद्र सिंह धोनी समेत चारों थानों की फोर्स पहुंच गई। घटनास्थल की पूरी छानबीन और स्थानीय लोगों से बातचीत की गई। पुलिस के मुताबिक, नंदी को पहले मारा गया फिर गला घोंटा गया। उसके बाद उसे पानी में भी डुबोया गया है। पुलिस का मानना है कि हत्यारोपी ने किसी रंजिश या गुस्से के चलते वारदात को अंजाम दिया होगा। पुलिस जेल में बंद नंदी के बेटे नीरज संबल से भी पूछताछ कर रही है ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। महिला का फोन पुलिस को नहीं मिला है जिसे ट्रेस किया जा रहा है। नंदी के पति उमेद सिंह की करीब 16 साल पहले मौत हो चुकी है।



# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में आठ स्कूलों की टीमों ने दिखाया दम

गदरपुर( उद संवाददाता)। मोनाड पब्लिक स्कूल में बॉलीबॉल के मैत्री मैच का आयोजन किया गया। मैच में क्षेत्र की आठ टीमो ने प्रतिभाग किया। जिसमें किड्स पैराडाईज दिनेशपुर, न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल दिनेशपुर, लॉयन्स पब्लिक स्कूल गदरपुर, एस.एस पब्लिक स्कूल गदरपुर, होली कृष्णा पब्लिक स्कूल दिनेशपुर, जेसिज पब्लिक स्कूल रूद्रपुर, मोनाड पब्लिक स्कूल गदरपुर ने भाग लिया। इस मैच का उदघाटन विद्यालय के डायरेक्टर संजय सिंह तथा मनमोहन सिंह रावत ने खिलाडिघ्यों से परिचय प्राप्त करते हुए किया। प्रतियोगिता का पहला सेमिफाइनल मोनाड पब्लिक स्कूल और किड्स पैराडाईज के बीच खेला गया। जिसमे किड्स पैराडाईज की टीम विजेता रही।



दूसरा सेमिफाइनल जेसिज पब्लिक स्कूल, तथा होली कृष्णा पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें जेसिज पब्लिक स्कूल की टीम विजेता रही। इस प्रकार फाईनल जेसीज पब्लिक स्कूल और किड्स पैराडाईज के बीच हुआ जिसमें अत्यन्त ही रौमांचक मुकाबले में जेसीज पब्लिक स्कूल ने किड्स पैराडाईज को 2 लगातार सीधे सेटो में 25/14 तथा 25/16 से पराजित करके प्रतियोगिता को अपने कब्जे में किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाडिघ्यों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्या श्रीमती नेहा भारद्वाज, प्रेरणा डाबर तथा सभी शिक्षक एंव शिक्षिकाओं ने खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# निर्धन कन्याओं की शादी में दिया सहयोग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा कि वह सामाजिक संस्था कन्यादान की तरफ से भी निर्धन और बेसहारा कन्याओं की शादी में अपना भरपूर सहयोग देती रहेंगी। श्रीमती शर्मा ने कहा कि वह महिलाओं के उत्थान और उनकी मदद के लिए हमेशा तत्पर रही है। एक तरफ जहां निशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र चलाकर महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही हैं। वहीं सामाजिक संस्था



कन्यादान के सौजन्य से वह निर्धन और बेसहारा लड़कियों की शादी में अपना सहयोग देकर उनकी मदद करने का प्रयास कर रही हैं। श्रीमती शर्मा ने कहा कि वह महिलाओं के उत्थान और उनकी प्रगति में हमेशा तत्पर रहेंगी। इधर बृहस्पतिवार को श्रीमती शर्मा शिवनगर और रमपुरा पहुंची जहां उन्होंने 2 निध न लड़कियों की शादी में अपना सहयोग और आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा के साथ कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, पुष्पेंद्र, मनोज, दिनेश, सरोज, ममता, कृष्णपाल, अरविंद सक्सेना सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# भगवान बुद्ध के आदर्शों पर चलने का संकल्प

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान गौतम बुद्ध की जयंती ध ूमधाम से मनाई गयी। डा. बी आर अंबेडकर शिक्षण समिति की ओर से अम्बेडकर चौक पर आयोजित कार्यक्रम में भगवान बुद्ध के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर व पुष्प अर्पित कर भगवान बुद्ध के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। बुध पूर्णिमा के उपलक्ष में खीर का प्रसाद भी वितरित किया गया। इस अवसर मेयर रामपाल सिंह ने भगवान बुद्ध के पंचशील व सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलने का आहवान



करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने से ही विश्व का कल्याण हो सकता है। उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध ने जनकल्याण के लिए अपना घरबार छोड़ दिया था, इसके बाद उन्होंने दुखी लोगों के लिए सुख का रास्ता खोजा। भगवान बुद्ध द्वारा दी गई शिक्षाएं और तर्क आज के आधुनिक युग में भी उतनी ही प्रभावशाली है। इस अवसर पर रामस्वरूप भारती, छोटेलाल गुरु जी, डीपी सिंह, नरेश सागर, अयोध्या प्रसाद आजाद, केवल कृष्ण भारती, शिवकुमार सिद्धू, दीपक सागर, गोपाल भारती, सुशील सागर, संकल्प पाल, अंकुर वर्मा, उपदेश सक्सेना, आर एन दौरे, डी के पासवान आदि भी मौजूद थे।

# स्वामी हरि चैतन्य पुरी ने परशुराम चौक पर बांटी खीर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा आश्रम कामां के पीठाधीश्वर 1008 स्वामी हरि चौतन्य पुरी जी महाराज ने यहां कालाढूंगी मार्ग पर परशुराम चौक पर भगवान परशुराम की प्रतिमा की पूजा अर्चना करने के पश्चात खीर वितरित की। उन्होंने उपस्थित हरि भक्तों से कहा कि संत रूपी बादलों द्वारा जो सत्संग रुपी वर्षा होती है उसमें



अपने मन की कलुषता व विकारों को धोकर मन को पावन बनाना है। जैसे बादलों को देखकर मोर व पपीहा मगन हो नृत्य करने लगते हैं, तथा पीहू-पीहू की धुनि लगाने लगते हैं। ऐसे ही संत व भक्तों को देखकर हमारा मन मयूर भी यदि नाचने न लग जाए, सत्संग की वर्षा में हम मन को पावन न करें तथा अपने पिया (परमात्मा) को याद न करने लगे तो इसे दुर्भाग्य ही समझना चाहिए। जगत की यथासंभव व यथासामरथ्य सेवा एवं परमात्मा से प्रेम करना चाहिए।स्वामी हरि चौतन्य महाप्रभु आज देश भ्रमण के बाद पध ारे थे। उन्होंने ब्राह्मण सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम परशुराम चौक (पूर्व में मुखानी चौराहे) के अनावरण पर खीर वितरण कर उपस्थित जनता को आशीर्वाद दिया। जिसके बाद श्री महाराज वरिष्ठ पत्रकार मनोज कुमार पाण्डे के आवास पहुंचे। इस दौरान प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति शाह, ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विशाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष हेम भट्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश जोशी, जिला अध्यक्ष नैनीताल ब्रजेश तिवारी, कौशलेंद्र भट्ट, दीप्ति तिवारी, नवीन नैथानी, प्रमोद बमेठा, कमल सुयाल सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं राजनीतिक व्यक्ति मौजूद रहे।

# 150 पेटी अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

अल्मोड़ा( उद संवाददाता)। एस एसपी रचिता जुयाल के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष ध ौलछीना सुशील कुमार के नेतृत्व में सायंकालीन चेकिंग के दौरान बाड़ेछीना तिराहे पर पिकप वाहन संख्या यूके 07सीबी 6264 पिकप को रोककर पुलिस ने चैक किया तो चालक प्रमोद कुमार पुत्र स्व0 नारायण राम निवासीग्राम चनौली पो0 बाड़ेछीना के कब्जे से 150 पेटी अवैध देशी शराब गुलाब मार्का बरामद



की गयी। जिस पर अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए थाना धौलछीना में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तस्करी में प्रयुक्त वाहन को सीज किया गया। मामले में थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि अभियुक्त शराब को अल्मोड़ा से तोली की ओर ले जा रहा था, जो चेकिंग के दौरान पकड़ मे आ गया। बरामद शराब की कीमत करीब बीस हजार है। पुलिस टीम थानाध्यक्ष सुशील कुमार, हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह नेगी, कांस्टेबल दिनेश पपौला, कांस्टेबल धनी राम आदि शामिल थे।

# मंदिर घूमकर लौट रही छात्राओं की कार खाई में गिरी, सात घायल

बागेश्वर( उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत बालीघाट के पास एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई।घायलों में चालक सहित सभी यात्री स्कूली छात्राएं है, जो गौरिउड़ियार मंदिर दर्शन को जा रहे थे, इस हादसे में छह लोग घायल





हो गए। सभी घायलों को स्थानीय व 108 के सहयोग से जिला अस्पताल भर्ती किया गया है। सभी की हालत खतरे से बाहर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑल्टो कार संख्या यूके-02-टीए-1656 गौरिडडियार से कन्यालीकोट जा रही थी।पंद्रहपाली मार्ग पर सड़क में अचानक सांप के सड़क में दिखने के बाद कार चालक ने उसे बचाने की कोशिश की,जिस कारण कार असंतुलित होकर 15 मीटर नीचे खाई में गिर गई। इस हादसे में 54 साल के चालक राजेंद्र प्रसाद पुत्र जोगा राम, 13 साल की सपना पुत्री राजेंद्र प्रसाद, रीता पुत्री गोपाल 14, काजल पुत्री प्रताप राम 16, सपना पुत्री दीवान राम16 , लक्ष्मी पुत्री दयाल राम 17 साल घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल भर्ती कराया।वही सभी यात्रियों ने घटना में बचने के बाद गौरी माता का की कृपा बताया। डॉक्टरों के अनुसार सभी खतरे से बाहर हैं।

उत्तरांचल दर्पण

## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# पूर्वोत्तर में जनजातीय संघर्ष

विवाद की असल वजह यह है कि अगर अदालत के कहने पर सरकार ने मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा दे दिया, तो वे नगा और कुकी के लिए आरक्षित भूखंडों पर भी कब्जा जमाना शुरू कर देंगे। मैतेई समुदाय वहां आर्थिक और राजनीतिक रूप से काफी ताकतवर है। मणिपुर में फैली व्यापक हिंसा के मद्देनजर अब इस उपद्रव में शामिल लोगों को देखते ही गोली मारने का आदेश दे दिया गया है। वहां भारी संख्या में सेना, असम राइफल्स और स्थानीय पुलिस बल को तैनात किया गया है। वहां की स्थिति का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि नौ हजार से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। मणिपुर सरकार का कहना है कि लोग गलतफहमी के चलते हिंसा पर उतारू हो गए हैं। मगर सवाल है कि यह गलतफहमी पैदा कैसे हुई, क्या सरकार ने उसे दूर करने का कोई प्रयास किया। अगर सरकार ने सचमुच गंभीरता से इस मसले को सुलझाने का प्रयास किया होता, तो शायद यह नौबत ही न आने पाती। दरअसल, मणिपुर उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक आदेश दिया, जिसमें कहा गया है कि सरकार मैतेई समुदाय के लोगों को आदिवासी समुदाय का दर्जा देने पर विचार करे।मैतेई लोग अपने को आदिवासी समुदाय में शामिल करने की मांग कर रहे हैं इसी को लेकर दूसरे आदिवासी समुदाय के लोगों ने हिंसक प्रदर्शन शुरू कर दिया। हालांकि यह मामला नया नहीं है, मैतेई समुदाय लंबे समय से अपने को आदिवासी समुदाय में शामिल करने की मांग कर रहा है। इसी संबंध में अदालत का दरवाजा खटखटाया गया था। मगर इस हिंसक प्रदर्शन की असली वजह अदालत का फैसला नहीं, बल्कि सरकार का रवैया है। इस साल फरवरी में जब सरकार ने पहाड़ी इलाकों से अवैध प्रवासियों को निकालना शुरू किया था, तभी पहली बार हिंसा भड़की थी। वहां की नगा और कुकी समुदाय की तैंतीस जातियों को जनजाति का दर्जा मिला हुआ है और उनके लिए चिह्नित भूभाग पर किसी गैर-जनजातीय समुदाय के व्यक्ति का कब्जा नहीं हो सकता। मगर जिन लोगों को प्रवासी बता कर बाहर निकाला गया, कुकी समुदाय उन्हें अपने लोग बता रहा था। दरअसल, विवाद की असल वजह यही है कि अगर अदालत के कहने पर सरकार ने मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा दे दिया, तो वे नगा और कुकी के लिए आरक्षित भूखंडों पर भी कब्जा जमाना शुरू कर देंगे। मैतेई समुदाय वहां आर्थिक और राजनीतिक रूप से काफी ताकतवर है। उनके हिस्से में भूखंड बेशक कम हो, पर संख्या बल में वे जनजातीय समुदायों से काफी अधिक हैं और प्रदेश की राजनीति में साठ में से चालीस विधानसभा सीटों पर काबिज हैं। ऐसे में जनजातीय समुदायों को भय है कि मैतेई समुदाय उनका हक छीन लेगा। मैतेई समुदाय का कहना है कि मणिपुर के भारत में विलय से पहले उसे जनजातीय समुदाय का दर्जा मिला हुआ था, इसलिए उसकी पुरानी पहचान लौटा दी जाए। इसी पर विचार के लिए अदालत ने कहा है। ऐसा नहीं कि मणिपुर सरकार जनजातीय और गैर-जनजातीय समुदायों के बीच लंबे समय से चल रहे इस संघर्ष से अनजान है। जब फरवरी में उसने प्रवासियों को बाहर निकालने का अभियान शुरू किया, तभी उसे इन दोनों के बीच सामंजस्य बिठाने का प्रयास करना चाहिए था। पूर्वोत्तर में जातीय संघर्ष जब-तब हिंसक रुख अख्तियार कर लेता है और उसके चलते वहां का सारा जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। नाहक लोग मारे जाते हैं। ऐसे में अगर सरकार कह रही है कि गलतफहमी के चलते लोग हिंसक हो उठे हैं, तो उस गलतफहमी को दूर करने की जिम्मेदारी भी उसी की है। मगर अभी तक उसकी तरफ से कोई ऐसी पहलकदमी नहीं देखी गई है। वह सेना के बल पर लोगों के विरोध को दबाने का प्रयास कर रही है। इस तरह विरोध शायद ही दबे।

# जिपं सदस्य के निष्कासन के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जताया आक्रोश

## बागेश्वर के निष्कासित जिपं सदस्य हरीश ऐठानी ने लगाया राजनैतिक साजिश के तहत फंसाने का आरोप

बागेश्वर (उद संवाददाता)। पहली बार जिपं में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पर सदस्यता समाप्त करने, और पांच साल तक चुनाव लड़ने की रोक को राजनीतिक द्वेष से प्रेरित होकर कांग्रेस समर्थित जनप्रतिनिधियों पर सत्ता की हनक में गलत तरीके से फंसाने और गलत तरीके से फंसाकर राजनीतिक हत्या करने का आरोप लगाया।





निष्काषित जिपं सदस्य हरीश ऐठानी ने कहा कि उन्हें राजनैतिक साजिश के तहत फंसाया गया है।जनप्रतिनिधि एक्ट की धारा 109के उपखण्डों लोकतंत्र संवैधानिक आधार पर चलता है जिसमें नियमों शक्तियो और शासनादेश के आधार पर सदन में सर्वसम्मति से पारित प्रस्तावों के आधार पर कार्य किए जाते है,वही लगाए गए आरोपो में जांच में उनकी आख्या को नहीं सुना गया है। उन पर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। जनता ने उन्हें जिताया है। उनकी छवि खराब करने वालों के खिलाफ न्यायिक प्रक्रिया अपनाई जाएगी। संवैधानिक तरीके से आगे की लड़ाई लड़ी जाएगी। कुर्मविनि पर्यटन आवास गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि जिन बिंदुओं पर आरोप लगाए गए वह कार्य वित्त नियंत्रक की अनुमति से भुगतान हुआ है। विशेष निविदा समिति में तय होने के बाद जिपं अध्यक्ष की संस्तुति होती है,जबकि जिपं के होटल में सुधार के लिए सबकी सहमति से आवंटन हुआ और जिपं की आय भी बढ़ी है। शिक्षक नियुक्ति में भी लगाए गए आरोप निराधार हैं। शिक्षकों की कमी दूर होना अभिवावकों की मंशा अनरूप शिक्षण व्यवस्था में सुधार हुआ। वही विद्यालय पहली बार राज्य में द्वितीय स्थान पर रहा, जिपं द्वारा खड़िया और अन्य मालवाहक ट्रकों के वजन तोलने के लिए खुले धर्मकांटे द्वारा जिपं की आय में बढ़ोत्तरी हुई।वही जिपं द्वारा तौल के लिए खोले गए धर्मकांटे से तौल नही होने और हल्द्वानी में ट्रकों के तौल होने से राजस्व को हुई हानि के लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई नही होने पर भी सवालिया निशान उठाए।वही धारा109 की उपखंड की धाराओं में मेरी आख्या को नहीं सुना जाना इसका प्रमाण है कि उन्हें साजिश के तहत फंसाया गया है। विधिक सलाह के बाद न्यायालय में अपने उपर लगे आरोपों को निराधार बताने के लिए न्यायालय की शरण मे जाकर जनता के बीच छवि को ठेस पहुंचाने वालों के खिलाफ संवैधानिक और न्यायालय स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी। पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने इसे राजनीति से प्रेरित बताया,पहले चमोली जिपं की वित्तीय शक्ति रोकने उसके बाद न्यायालय से जीत मिलने, पूर्व जिपं अध्यक्ष द्वारा जनहित के लिए गए निर्णय से आमजनता को लाभ हुआ है। कांग्रेस व्यक्ति विशेष आधार पर इसे विपक्ष के तौर पर मुद्दा बनाएगी,लोकतंत्र की हत्या करने वाली भाजपा सरकार के विरुद्ध प्रदेश स्तर पर इसके खिलाफ आंदोलन चलाया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने प्रदर्शन कर हुई कार्रवाई का विरोध जताया।और सरकार के विरुद्ध लोकतंत्र की हत्यारी सरकार बंद करो विरोधी नीति का नारा बुलंद किया, इस दौरान पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा,कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला,पूर्व विधायक ललित फर्शवाण,लोकमणि पाठक, कपकोट नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद बिष्ट,जिपं उपाध्यक्ष नवीन परिहार, रंजीत दास,कवि जोशी, राजेन्द्र टँगड़िया, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोपा धपोला, कांग्रेस समर्पित जिपं सदस्य, आदि मौजूद थे।

# कोर्ट के आदेश पर वेंडर के विरूद्ध मामला दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लीज पर दी पावर प्रेस मशीन वापस न करने पर कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने वेंडर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है । दर्ज रपट में एचएस कन्याल वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन एलजी बालकृष्णन एण्ड ब्रोस लिमिटेड, सिडकुल पंतनगर ने मैसर्स बालाजी इंजीनियरिंग वर्क्स के प्रो. अनिल सिंह पुत्र उमेश सिंह निवासी शिमला पिस्तौर किच्छा के विरूद्ध कहा है कि कम्पनी द्वारा अनिल सिंह को अपना सब वेंडर नियुक्त किया गया। वेंडर नियुक्त करने के बाद कम्पनी का जॉब वर्क करने के लिये कम्पनी द्वारा अपनी एक मशीन पावर प्रेस लिखित लीज एग्रीमेंट पर अनिल सिंह को दी गई। लेकिन 1.05.2017 की अवधि समाप्त होने के उपरान्त भी अनिल सिंह ने कम्पनी की मशीन का अवशेष किराया अदा नहीं किया गया । मशीन गैर कानूनी रूप तथा बिना कानूनी अधिकार से धोखाधड़ी तथा जबरजस्ती अपने पास रखी हुई है । कम्पनी के अन्य अधिकारी रोहित कुमार के साथ 14.02 2023 को कम्पनी की मशीन की जानकारी मांगने गये तो अनिल सिंह द्वारा गाली गलौच करते हुए धमकी दी गयी कि अब तुम्हारा उस मशीन से कोई वास्ता नहीं है अगर मशीन की बात की तो जान गवां बैठोगे । इसकी शिकायत पुलिस से करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गैंगस्टर के मकान पर चलेगा बुल्डोजर

देहरादून (उद संवाददाता)। गैंगस्टर के केस में एक साल से फरार शातिर को वसंत विहार थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर मकान बनाया हुआ था। उसे मकान के ध्वस्तीकरण की रिपोर्ट भी पुलिस प्रशासन को भेज रही है। डीआईजी देहरादून दलीप सिंह कुंवर ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि पिछले साल अतीक अहमद निवासी



तुंतोवाला, पटेलनगर के खिलाफ गैंगस्टर अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। उसके खिलाफ जमीन धोखाधड़ी के कई केस दर्ज हैं। वसंत विहार पुलिस ने जांच शुरू की तो आरोपी फरार हो गया। उस पर डीआईजी देहरादून दलीप सिंह कुंवर ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया। हाल में वसंत विहार पुलिस को पता लगा कि वह झाझरा में किराये का मकान लेकर रह रहा है। वहां से वसंत विहार पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। जांच में पता लगा कि आरोपी ने अवैध तरीके से सरकारी जमीन पर मकान बनाया हुआ है। एसएसपी ने बताया कि इस अतीक अहमद के सरकारी जमीन पर बने घर पर जल्द बुलडोजर चलाया जाएगा।

# देवभूमि मीडिया क्लब ने आयुक्त का किया पुष्पगुच्छ देकर स्वागत

रामनगर। राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट के रामनगर पहुंचने पर देवभूमि मीडिया क्लब ने उनका पहली बार रामनगर पहुंचने पर पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान क्लब महामंत्री राजीव अग्रवाल, संरक्षक विनोद पपनै व चंचल गोला ने मीडिया क्लब भवन की स्थापना में आ रही दिक्कतों की चर्चा करते हुए उन्हें एक ज्ञापन सौंपकर मीडिया क्लब के लिए भूमि आवंटित कराए जाने की मांग



भी की। इस मांगपत्र पर तत्काल संज्ञान लेते हुए आयुक्त भट्ट ने जिलाधिकारी को फोन करके मीडिया भवन की भूमि के बारे में वस्तुस्थिति की जानकारी ली। डीएम द्वारा बताया गया कि पुरानी तहसील स्थित भूमि पर प्रस्तावित बहुमंजिला पार्किंग स्थल पर मीडिया क्लब भवन की स्थापना प्रस्तावित है। पार्किंग के लिए धन भी आवंटित हो चुका है। पार्किंग निर्माण के साथ ही मीडिया क्लब को कार्यालय के लिए स्थान उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस दौरान रोहित गोस्वामी, बंटी अरोरा, मौ. कैफ, चंद्रसेन कश्यप, सलीम मलिक आदि मौजूद रहे।

# ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक महिला ने अपने ससुरालियों पर और दहेज के नाम पर दस लाख रूपये मांगने और न देने पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रपट में पीड़िता का कहना है कि उसकी शादी 29 अप्रैल 2018 को कुनाल खेतरपाल पुत्र अशोक खेतरपाल निवासी जगदीश नगर, हापुड़ थाना सिहानीगेट रोड गाजियाबाद उप्र से हुई थी । शादी के लगभग 6 माह बाद ही ससुराली10 लाख रुपये की मांग करने लगे। जबकि शादी के समय अपनी हैसियत के अनुसार माता पिता ने कपड़े फर्नीचर व घरेलू सामान, सोने व चांदी के जेवर आदि के साथ 2 लाख नगद भी दिये थे। परन्तु पति कुनाल, ससुर अशोक खेतरपाल, सास सुमन एवं जेठानी सैफाली पत्नी मोहित खेतरपाल निवासी उपरोक्त द्वारा आये दिन 10 लाख की मांग कर गाली गलौच मारपीट करना शुरू कर दिया। इस बात को लेकर कई बार रिश्तेदारों द्वारा आपसी बातचीत कर मामला सुलझाने की कोशिश की परन्तु उन पर कोई फर्क नहीं पड़ा। आरोप है 5 सितम्बर 2022 को इन सभी ने दहेज की मांग कर मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। तब से वह अपने मायके में रह रही है। महिला हेल्प लाईन के माध्यम से पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता का ऑडीशन कल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोक रचना समिति द्वारा हर वर्ष आयोजित होने वाली स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता की तैयारियां शुरू हो गयी है। गायन प्रतियोगिता का ऑडीशन कल 7 मई होगा। जानकारी देते हुए लोक रचना समिति के संयोजक केवल कृष्ण बतरा ने बताया कि लोक रचना समिति पिछले कई वर्षों से स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता का आयोजन करती आ रही है। प्रतियोगिता में जिले भर से बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे प्रतिभाग करते हैं। इस प्रतियोगिता के मंच से निकली कई प्रतिभायें इंडियन ऑइडल जैसे ख्याति प्राप्त शो में पहुंचकर क्षेत्र का नाम रोशन कर चुकी हैं। गायन प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों का चयन ऑडीशन के माध्यम से किया जाता है। प्रतियोगिता का ऑडीशन 7 मई को अंबर होटल रूद्रपुर में प्रात: 9 बजे से होगा। सब जूनियर, जूनियर और सीनियर तीन ग्रुपों में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में प्रवेश के लिए 1 मई अंतिम तिथि निर्धारित की गयी है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतियोगी बतरा स्पोर्ट्स भगत सिंह चौक रूद्रपुर में संपर्क कर सकते हैं। ऑडीशन के माध्यम से तीनों वर्गों में 12-12 प्रतियोगियों का चयन सेमीफाईनल के लिए किया जायेगा। सेमीफाईनल और फाईनल में प्रतिभागियों की आवाज को परखने के बाद तीनों वर्गों में बेस्ट सिंगर का चयन किया जायेगा। श्री बतरा ने बताया कि ऑडीशन में एकल च्वाइस राउंड के आधार पर प्रतिभागियोंका चयन सेमीफाईनल के लिए करना होगा। प्रतिभागी को वाद्य यंत्रों के साथ अपनी प्रस्तुति देनी होगी।

# हत्या के प्रयास के मामले में बुलेरो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। बोलेरो से कुचलकर युवक की हत्या के प्रयास के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर एस्कॉर्ट फार्म कुंडेश्वरी निवासी विपिन कुमार पुत्र करतार सिंह ने बताया कि बीते 26 अप्रैल को अपराहन बाद लगभग 2:30 बजे परिचित से मिलने कुंडेश्वरी गया था। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि जैसे ही वापसी में वह कार में बैठने वाला था इसी दौरान काले रंग की स्कार्पियो सवार कुंडेश्वर निवासी संदीप चौधरी पुत्र कृष्णपाल सफेद रंग की एक अन्य बोलेरो में दर्जनों बदमाश किस्म के लड़कों को लेकर वहां पहुंच गया और गाली गलौज करते हुए मौत के घाट उतारने की नियत से स्कॉर्पियो से कुचलने का प्रयास किया। इस दौरान शिकायतकर्ता ने किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाई। मंसूबे में कामयाब ना होने पर सभी आरोपी मौके से धमकी देते हुए फरार हो गए। पूरा घटनाक्रम समीप लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में यह भी बताया कि संदीप चौधरी अपराधी किस्म का व्यक्ति है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में तमाम संगीन आरोप दर्ज है। इन दिनों वह जमानत पर है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी संदीप के खिलाफ धारा 504 506 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया।

# कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून कांग्रेस भवन में भाजपा की बुद्धि-शुद्धि के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के अन्य पदाधिकारीणों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में इसमें लिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारी लड़ाई व्यक्ति विशेष या दल से नहीं बल्कि विचारधाराओं की लड़ाई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं पर कांग्रेस मुख्यालय में बवाल करने का आरोप लगाते हुए कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा, हमारी लड़ाई व्यक्ति विशेष या दल से नहीं, विचारधाराओं की है। माहरा ने कहा, लोकतंत्र में बहुदलीय प्रणाली होती है। उनकी विचारधाराओं में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन जिस तरह सोशल मीडिया पर उत्तेजनात्मक और भड़काऊ पोस्ट बजरंग दल ने कांग्रेस पार्टी के लिए किए हैं वह कतई बर्दाश्त नहीं की जा सकती। माहरा ने कहा, बजरंग दल के लोगों ने कांग्रेस मुख्यालय का घेराव करने का प्रयास किया और नारेबाजी की उसकी जितनी निंदा की जाए कम है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार पर जनता की भावनाएं भड़काकर देश का सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पार्टी भाजपा सरकारों की बुद्धि-शुद्धि के लिए हनुमान चालीस का पाठ कर रही है प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारें केवल जनता को गुमराह कर महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और गरीबों, श्रमिकों, किसानों व महिलाओं के उत्पीड़न से ध्यान हटाना चाहती हैं। वनंतरा रिसार्ट की महिला कर्मचारी की हत्या में भाजपा से जुड़े रहे नेता की संलिप्तता सामने आई। प्रदेश में हत्या के विभिन्न प्रकरणों में भी सरकार की भूमिका पर सवाल खड़े हुए हैं। माहरा ने कहा कि भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर महिला कुश्ती खिलाडियों के शोषण के आरोपों की जांच की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर लगातार धरना चल रहा है। भाजपा की केंद्र सरकार उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है। प्रदेश में लोक सेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, सहकारिता, विधानसभा में भर्तियों में भाजपा नेताओं की संलिप्तता सामने आई है। जोशीमठ त्रासदी में प्रभावित परिवारों के विस्थापन एवं ठोस निर्णय लेने में सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। इसलिए सरकार की बुद्धि शुद्धि के लिए कांग्रेस यह कदम उठा रही है।



# अब वे लोग भी मंदिर जाने को बाध्य हो रहे हैं, जो मंदिर नहीं जाते थे : धामी

## जुम्मे के दिन बजरंगबली का पूजन कर रही कांग्रेस:महेंद्र भट्ट

देहरादून। कर्नाटनक विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच धार्मिक आस्था के प्रतीक बजरंगली को लेकर सियासी बयानबाजी का दौर जारी है। वहीं उत्त राखंड के



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में जो किया, वह निश्चित रूप से उसकी तुष्टिकरण की नीति का हिस्सा है। मुख्यमंत्री धामी ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि यह कांग्रेस की वर्ग विशेष का वोट लेने की रणनीति थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अब वे लोग भी मंदिर जाने को बाध्य हो रहे हैं, जो मंदिर नहीं जाते थे। कोई गंगा में जाने को बाध्य हो रहा है, कोई धार्मिक स्थानों की बात कर रहा है। कांग्रेस को केवल और केवल दिखावे के लिए प्रधानमंत्री मोदी के कारण हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कांग्रेस के बुद्धि-शुद्धि यज्ञ पर पलटवार करते हुए कहा कि असल में कांग्रेस अब सनातन का चोला पहनने की कोशिश में है और बजरंगबली का पूजन-पाठ कर रही है। उसने बजरंग बली के पाठ के लिए भी जुम्मे का दिन निर्धारित किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम को अदालत में काल्पनिक पात्र बताने वाली कांग्रेस अब राम मंदिर निर्माण में भी श्रेय लेने की कोशिश कर रही है। देश जानता है कि राम भक्त देश भर में मंदिर निर्माण के लिए ईंट-गारे ढूंढते रहे और कांग्रेस ने अवरोध के लिए कोर्ट में वकीलों की फौज खड़ी कर दी। भट्ट ने आरोप लगाया कि लंबे समय तक तुष्टिकरण की राजनीति करती रही कांग्रेस को वोट बैंक की चिंता रही है और जनता के ठुकराने के बाद अब पश्चाताप के बजाय नई नौटंकी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रवादी दल है और उसके लिए देश हित से बढ़कर कुछ नही है। भट्ट ने कहा कि कांग्रेस के निशाने पर पहले से ही राष्ट्रवादी संगठन रहे है, जबकि वह देशद्रोहियों की वकालत करती रही है। बजरंग दल एक राष्ट्रवादी संगठन है और उस पर प्रतिबंध की वकालत कर वह अपनी सोच को साबित कर रही है। दूसरी ओर वह पीएफआइ जैसे देशद्रोही संगठन को संरक्षण देने की बात कर रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि कांग्रेस स्वयं के सनातनी होने का ढोंग कर रही है। जय बजरंगबली बोलने वालों की तुलना आतंकवादियों से कर कर्नाटक में जो माहौल बना है, उसे लेकर ही यह सब किया जा रहा है। कांग्रेस को अपनी बुद्धि-शुद्धि के लिए प्रार्थना करने की आवश्यकता है।

# बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को हुई हानि का आकलन कर समुचित राहत राशि देने की मांग मुख्यमंत्री से की है। उन्होंने कहा कि राज्य में कई दिनों से आंधी-तूफान के साथ हुई बेमौसमी बरसात से फल, सब्जी एवं गेहूं की फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। किसान पहले ही बैंकों के कर्ज के बोझ से दबा है। ऐसे में बरसात की यह दोहरी मार उनको आर्थिक तथा मानसिक रूप से कमजोर कर देगी। मैदानी जनपदों में गेहूं, लीची व आम की फसलें नष्ट हो गई हैं। वहीं पर्वतीय क्षेत्र में आड़ू, खुबानी, सेब के बागों को नुकसान पहुंचा है।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा

गदरपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर प्रेस क्लब एवं शिव मंदिर अध्यक्ष जयकिशन अरोरा जी के वैवाहिक दाम्पत्य जीवन के 50 वर्ष होने के उपलक्ष्य में वार्ड नंबर 4/7 शिव मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा से पूर्व उनके आवास से कलश यात्रा निकाली गयी जो गूलरभोज मोड, मुख्य बाजार से होते हुए श्री शिव मंदिर पहुंची। शास्त्री चौतन्य मृदुल द्वारा पूजा अर्चना के साथ कलश की स्थापना की गयी। श्रीमद भावगत कथा के प्रथम दिन शास्त्री चौतन्य मृदुल ने कहा कि जो कथा को प्रेम से श्रवण करेगा परमात्मा उसके हृदय में उतरेंगे। नेत्र और स्रोत को जो पवित्र रखते हैं, उनके हृदय में परमात्मा हमेशा निवास करते है। उन्होंने कहा कि भागवत कान, आंख में से मन में आते हैं। बार बार जो कृष्ण की कथा सुनता है, उसके कान से होकर श्री कृष्ण हृदय में पधारते हैं। इस मौके पर धर्मचन्द खेड़ा, संजय खेड़ा,वेद भगत, एडवोकेट राजेन्द्र बेहड़,राकेश चावला, मनोज गूम्बर,जसपाल डोगरा, सुरजीत बत्रा,महेन्द्र पाल,केवल गुम्बर,सुभाष गुम्बर, रोहित सुदामा,अनिल गुम्बर, मनीष अरोरा, सागर अरोरा, सौरव अरोरा, जगदीश कश्यप, रविन्द्र चावला, कमला कश्यप, बिन्दु शर्मा, रोशनी चावला, शिमला चावला,नीता बेहड़,शर्मा कालरा, मीना अरोरा,तृप्ति अरोरा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। मंदिर अध्यक्ष अरोरा ने बताया कि सायं चार बजे से सायं 7 बजे तक होगी। 11मई सुबह आठ बजे से 11 बजे तक होगी उसके बाद समापन होगा।





## पेज एक का शेष...

**दून पहुंचा शहीद...** में तैनात थे। बलिदानी रुचिन रावत नौ पैरा में कमांडो थे। वह अपने पीछे बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी व चार वर्षीय बच्चे को छोड़ गए हैं। कुनिगाड गांव निवासी रुचिन सिंह रावत आतंक वादियों से लोहा लेते हुए बलिदान हुए हैं। उनके बलिदान की सूचना पर गांव में मातम है। गांव में दादा दादी व माता-पिता रहते हैं। बलिदानी की पत्नी व चार वर्षीय बच्चा साथ में ही रहते थे। बताया गया कि रुचिन सिंह रावत का भाई भी नेवी में तैनात हैं तथा बहन की शादी हो चुकी है। 30 वर्षीय रुचिन रावत 2009-10 में सेना में भर्ती हुए थे। रुचिन के चाचा सुरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि शहीद की पत्नी और बेटा जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में ही रहते हैं। उसकी पत्नी ने ही गैरसैंण में अपने माता-पिता को पति के शहीद होने की सूचना दी। रुचिन की पत्नी और बेटा उनके साथ जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में ही रहते हैं। रावत ने बताया कि रुचिन काफी हंसमुख स्वभाव का था। जब छुट्टी में गांव आते थे तो सामाजिक कार्यों में खूब बढ़-चढ़कर भाग लेते थे।

**गार्ड ने बैंक मैनेजर...** जहां उनकी हालत गंभीर बतायी गयी है। चिकित्सकों के मुताबिक ओवेस 40 प्रतिशत तक झुलस चुके हैं। बैंक कम्रियों ने मैनेजर को ईलाज के लिए बाहर ले जाने हेतु हेली सेवा उपलब्ध कराने की मांग की। उधर आरोपी गार्ड को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

**बाइक की टक्कर से ...** चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बाइक चालक बाईक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना स्थल से बाइक को कब्जे में लेकर बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी है। घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मचा है। मृतका रूद्रपुर के शिवनगर निवासी भाजपा नेत्री अनीता की बहन थी।

**संदिग्ध हालातों...** भी घर पहुंची। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतका 12वीं की छात्रा थी। पांच भाई बहनों में आरती दूसरे नम्बर की थी।

**दुकान की आड़....** तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 295 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने बरामद चरस कब्जे में लेकर सुनीता को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उनि अनिल कुमार चौकी आम्रपाली , कानि0 कुंदन सिंह, अशोक सिंह,एसओजी के दिनेश नगरकोटी, महिला कांस्टेबल बीना सती शामिल थे।

**बैंक में बंधक...** बंधक रखी हुई है लोन की अदायगी नहीं करने के कारण बैंक द्वारा नीलामी प्रक्रिया शुरू की गई थी। रणवीर कुमार से सम्पर्क किया गया तो उसने बताया कि उसने जो लोन लिया था अब उसको वापस नहीं करना चाहता तथा स्वयं उस लोन की अदायगी कर अपनी जमीन को बचा लें। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सामिया बिल्डर्स...** वापस नहीं करुगा। आरोप है सामिया इन्टरनेशनल बिल्डर्स प्रा0लि0 नोएडा उ0प्र0 जिसके मालिक जमील अहमद, डायरेक्टर सगीर अहमद खान कम्पनी में काम करने वाले अन्य कर्मचारियों ने उससे 26,89,593 लाख रुपये हड़प लिये और रुपए वापस मांगने पर ये लोग जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी दी हैं।

**कार में अश्लील ...** को जमकर फटकार लगाने के बाद कोतवाली लाकर आवश्यक पूछताछ के बाद उनका संबंधित धाराओं में चालान करते हुए प्रयुक्त कार को सीज कर दिया।

**रूद्रपुर के गांधी पार्क में...** और विनीत जैन जबकि सह संयोजक की कमान समाजसेवी संदीप राव के हाथ में है। भजन संध्या को खास बनाने के लिए ''जो राम को लाये हैं हम उनको लायेंगे'' भजन से देश भर में मशहूर हुए भजन गायक कन्हैया मित्तल को आमंत्रित किया गया है। कन्हैया मित्तल को सुनने के लिए शहर ही नहीं बल्कि आस पास के श्रद्धालु भी बेताब हैं जिसके चलते गांधी पार्क में आज रात श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। आयोजन को भव्य बनाने के लिए गांधी पार्क को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। पिछले दिनों हुई बारिश के चलते गांधी पार्क में पानी भर गया था जिसके चलते आयोजकों को आयोजन स्थल को दुरूस्त करने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।बारिश के बाद दो दिनों तक टैंकरों के जरिये पानी को बाहर निकाला गया इसके बाद गांधी पार्क में मिट्टी का भरान भी करना पड़ा। आयोजन स्थल पर आज तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शाम सात बजे शुरू होने वाले संकीर्तन में भजन गायक कन्हैया मित्तल के मंच पर पहुंचने से पहले स्थानीय भजन गायक अमन सांवरियां अपने भजनों से बाबा का गुणगान करेंगे। संकीर्तन से पूर्व शाम चार बजे से गल्ला मण्डी स्थित श्री श्याम मंदिर से भव्य निशान यात्रा भी निकाली जायेगी। जो विभिन्न मार्गों से होते हुए संकीर्तन स्थल गांधी पार्क पहुंचेंगे। निशान यात्रा में यजमान की भूमिका समाजसेवी एवं उद्योगपति बंशीधर गुम्बर और नंद लाल भुड्डी निभायेंगे। व्यवस्थापक राजकुमार ठुकराल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी को आमंत्रित किया गया है। जबकि अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, यूपी सरकार के राज्य मंत्री बल्देव सिंह औलख, रूद्रपुर विधायक शिव अरोरा, किच्छा विधायक तिलकरजा बेहड़, गदरपुर विधायक अरविंद पाण्डे, मेयर रामपाल सिंह को आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही विशिष अतिथि के रूप में मण्डलायुक्त दीपक रावत, आईजी नीलेश आनन्द भरणे, डीएम युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टिसी भी आमंत्रित हैं। संकीर्तन में मुख्य यजमान समाजसेवी हरीश मुंजाल और उद्योगपति विजय भूषण गर्ग होंगे। पूर्व विधायक ठुकराल ने धर्मप्रेमियों से संकीर्तन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्याम बाबा का गुणगान सुनने की अपील की है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा    समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732    समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
GABA HOUSING PVT. LTD.
PROJECT APPROVED PROJECT
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
साईट ऑफिस
शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास,
रुद्रपुर
86501-18000